


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 121 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | गुरुवार 13 फरवरी 2025 | मूल्य 2 रुपया



**होली का डांडा**– शहर सहित अंचल में फाग महोत्सव शुरु हो गए है। इधर माघ पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार को प्राचीन मंदिरों के परिसर में होली का डंडा रोपा गया।

## सरकारी आय का आधार बना 'आधार कार्ड'...

# आधार के नाम पर वसूली..!

### दस्तावेजों में उलझी जनता, हर माह 15-20 हजार लोग पहुंच रहे केंद्रो पर



**मंदसौर, 12 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। केंद्र सरकार ने अहम दस्तावेज व यूनिक आईडी के नाम पर जनवरी 2009 में आधार कार्ड नि:शुल्क बनाना शुरू किए थे। अब ये दस्तावेज सरकार के लिए आय का स्त्रोत एवं आमजन के लिए परेशानी बन गया है। जिले में हर माह आधार में सुधार के लिए 15 से 20 हजार लोग केंद्रों के चक्कर लगा रहे हैं। सुधार के लिए हर बार 50 से 100 रुपए देना पड़ रहे हैं। इसके बाद भी अधिकतर में सुधार नहीं हो रहा। इस तरह से लाखों की वसूली आधार कार्ड के नाम पर हो रही है जो सरकारी आय का आधार भी बन रही। इस पर सरकार 18 फीसदी जीएसटी भी वसूल रही है।**

सरकार ने लोक सेवा केंद्र, पोस्ट ऑफिस, सेंट्रल केंद्र, सभी बैंकों सहित अन्य जगहों पर आधार में सुधार की सुविधा दी है। हर माह कितने आधार में सुधार के लिए आवेदन हो रहे, इसकी जानकारी ना जिला प्रशासन के पास है ना यूआईडीएआई के पास है। महत्वपूर्ण बात यह है कि कितनों के आधार में त्रुटि सुधार हुआ या कितने लोग पहुंचे, यह डाटा कई केंद्रों पर उपलब्ध ही नहीं है। मंदसौर जिले में औसत हर माह 15 हजार से अधिक लोग सुधार के लिए आ रहे हैं। साल में 1 लाख 80 हजार से 2 लाख 50 हजार से अधिक लोग आवेदन कर रहे हैं। मंदसौर जिले की आबादी 13 लाख 39 हजार 832 है। इस तरह जिले की 20 फीसदी से अधिक आबादी हर साल आधार के सुधार में लगी रहती है।

#### तो प्रदेश का आंकड़ा करोड़ों में...

साल 2011 की जनगणना के मुताबिक मंदसौर जिले की आबादी 13 लाख 39 हजार 832 थी। इसमें से हर साल ढाई लाख लोग केवल आधार सुधार के लिए आवेदन कर रहे हैं, जो जिले का करीब 20 फीसदी है। इसी तरह प्रदेश की कुल आबादी 07 करोड़ 26 लाख 26 हजार 809 है। यानी 20 फीसदी के हिसाब से प्रदेश के 1 करोड़ 57 लाख 60 हजार से अधिक लोग हर साल आधार में सुधार के लिए आवेदन कर रहे हैं। यह औसत 70 रुपए भी दे रहे हैं तो हर साल 1 अरब 10 करोड़ 32 लाख से अधिक इसी पर जनता खर्च कर रही है।

#### डेमोग्राफिक के 50 तो बायोमेट्रिक में लगते हैं 100 रुपए...

आधार में सुधार के लिए डेमोग्राफिक कार्य के लिए 50 रुपए देना होते हैं। इसमें नाम बदलाव, मोबाइल नंबर अपडेशन सहित अन्य कार्य शामिल हैं। जब बायोमेट्रिक (फिंगर प्रिंट, आंखों का स्कैन) की जरूरत या अपडेशन होता है तब 100 रुपए लिए जाते हैं। कई जगह पर लोगों से हर कार्य के लिए 100 रुपए भी वसूल किए जा रहे हैं।

#### परेशान लोग, आधार सबकी मजबूरी...

मंदसौर के मनोहर भाटी ने बताया कि डाकघर में मैंने आधार कार्ड में सरनेम बदलवाने के लिए सारे दस्तावेज दे दिए हैं। लेकिन, 15 दिन बाद चेक करने पर रिजेक्ट हो जाता है। कभी 100 तो कभी 50 रुपए लिए जाते हैं। हेल्प लाईन नंबर 1947 पर भी शिकायत करने पर बताया कि अब रिजेक्ट नहीं होगा। अपडेट कराने पर 10 दिन बाद फिर रिजेक्ट हो गया। ऐसे में आम आदमी के साथ लूटमार मची है। मंदसौर की कविता शर्मा ने बताया कि शादी के बाद राशनकार्ड व समग्र आईडी में सरनेम बदला तो बैंक व सभी जगह ससुराल के सरनेम का आधार कार्ड मांगने लगे। पहले मैंने आधार में सरनेम बदलने के लिए आवेदन किया तो जन्म तारीख गलत हो गई। 5 से 6 बार आवेदन कर दिया लेकिन बदलाव नहीं हो रहा। दो साल से परेशान हैं।

## पिपलिया मंडी का आरोपी नीमच में अफीम के साथ पकड़ाया

**नीमच, 12 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। पुलिस ने मंदसौर जिले के पिपलिया मंडी थाना क्षेत्र के एक आरोपी को अफीम के साथ पकड़ा है। आरोपी के कब्जे से बोलेरो पिकअप भी जप्त की गई है।**

सिटी थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मामला मंगलवार देर रात बायपास रोड स्थित चौथखेड़ा फन्टे का है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी को रिमांड पर लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। दरअसल, सिटी पुलिस को हाईवे बाईपास से एक पिकअप वाहन में अवैध अफीम ले जाने की सूचना मिली थी। पुलिस ने अफीम तस्कर को पकडने के लिए एस संदिग्ध पिकअप एमपी 44 जीए 0716 को रोका। तलाशी के दौरान ड्राइवर केबिन में गियर बॉक्स के पास एक काले रंग के बैग में 02 किलो अफीम छिपाकर रखी हुई मिली। बरामद अफीम की कीमत 03 लाख रूपए आंकी गई है। पुलिस ने मौके से वाहन चालक नागेश्वर पिता नंदलाल पाटीदार निवासी नैनोरा थाना पिपलिया मंडी जिला मंदसौर को गिरफ्तार किया लिया है। पुलिस आरोपी नागेश्वर को रिमांड पर लेकर विस्तृत पूछताछ कर रही है।

## तस्करी के मास्टमाईंड रबनवाज की हार्ट अटैक से मौत

### भोपाल ड्रग्स फैक्टरी कांड में चल रहा था फरार, मंदसौर पुलिस को भी थी तलाश

**मंदसौर, 12 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** भोपाल ड्रग्स फैक्टरी से 1800 करोड़ रूपए कीमती एमडी ड्रग बरामदगी मामले में मास्टर माईंड बताए जा रहे मोस्ट वांटेड तस्कर रबनवाज की देर रात हार्ट अटेक से मौत हो गई। पुलिस उसे गिरफ्तार करने के लिए पीछे पड़ी थी, लेकिन वह इधर उधर भाग रहा था। बताया जा रहा है कि देर रात कार चलाते वक्त उसे हार्ट अटैक आया, जिससे उसकी मौत हो गई।



भोपाल में पकडे गए 1800 करोड़ के ड्रग्स केस में शामिल रबनबाज की गिरफ्तारी से पुलिस को कई खुलासों की उम्मीद थी। उसकी मौत से प्रकरण के कई राज दफन हो जाने की आशंका है। मंदसौर में भी हरीश आंजना की गिरफ्तारी के बाद बने एनडीपीएस के मामलो में से ज्यादातर में इसे फरार बताते हुए एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/29 का आरोपी बनाया गया था। इसके बाद भी वह राजस्थान की प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़ व एमपी के मंदसौर की पुलिस की की गिरफ्त में नहीं आया था।

भोपाल के एमडी ड्रग मामले में पुलिस से डरकर भाग रहे तस्कर रबनवाज की मौत हो गई है। एमपी राजस्थान बॉर्डर पर उसे हार्ट अटैक आया। कार चलाने के दौरान आए अटैक से वह संभल नहीं सका और उसकी रास्ते में ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि रबनवाज रायसेन की ओर आ रहा था। भोपाल में पकड़े गए 1800 करोड़ के ड्रग्स के मामले में वह वांटेड था और मल्हारगढ थाने की पुलिस को भी उसकी तलाश थी। एमपी के साथ राजस्थान पुलिस भी रमनबाज को ढूंढ रही थी। भोपाल ड्रग्स फैक्ट्री केस में आरोपी हरीश आंजना और प्रेमसुख पाटीदार गिरफ्तार हो चुके हैं। जबकि, आरोपी शोएब लाला, ओम पाटीदार और रबनवाज की पुलिस को तलाश थी। फैक्ट्री में तरल और ठोस दोनों रूपों में 907 किलोग्राम एमडी ड्रग्स जब्त की गई थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करीब 1814 करोड़ रुपए आंकी गई।

#### कुख्यात तस्कर था रबनवाज...

बता दें कि गुजरात एटीएस और नारकोटिक्स ब्यूरो ने भोपाल में बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध ड्रग फैक्ट्री का खुलासा किया था। जांच में जिन लोगों के नाम सामने आए, उनमें रबनवाज भी शामिल था। कुख्यात तस्कर रबनवाज काफी समय से ड्रग्स के धंधे से जुड़ा था। भोपाल की फैक्ट्री से वह मुंबई तक ड्रग्स की सप्लाई करता था।

## सिख दंगा मामले में 41 साल बाद कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार दोषी करार

**नई दिल्ली, 12 फरवरी।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने बुधवार को 1984 के सिख विरोधी दंगों के एक मामले में कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार को दोषी करार दिया। यह मामला सरस्वती विहार क्षेत्र में दो सिखों की हत्या से जुड़ा हुआ है। अब 18 फरवरी को कोर्ट सजा सुनाएगी। कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार को फैसला सुनाने के लिए तिहाड़ जेल से कोर्ट में पेश किया गया। इस मामले में 41 साल बाद फैसला आया है।



**आजीवन कारावास की सजा काट रहे है सज्जन कुमार**–बता दें कि सज्जन कुमार वर्तमान में दिल्ली कैंट में सिख विरोधी दंगों के एक अन्य मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं। सज्जन कुमार पर 1984 में दिल्ली के सरस्वती विहार इलाके में जसवंत सिंह और उनके बेटे तरुणदीप सिंह की .... **शेष पेज 4 पर**

#### माल पेश नही किया, प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 12 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** न्यायालय में माल पेश नही करने पर पुलिस ने केस दर्ज किया। जानकारी के अनुसार नेनोरा निवासी वाहन ऑनर राजूलाल पिता रामप्रसाद धानुक ने माल पेश नही किया। न्यायालय प्रथम जिला न्यायाधीश के आदेश पर पिपलियामंडी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 406 में केस दर्ज किया।

## माध्यमिक शिक्षा मंडल सचिव बोले...

# कन्फ्यूज ना हो विद्यार्थी, साल में दो बार बोर्डपरीक्षा का फिलहाल कोईप्रस्ताव नहीं..?





**भोपाल, 12 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** रायपुर की तरह मध्य प्रदेश में भी शिक्षा विभाग छात्रों के लिए बोर्ड की परीक्षा में बदलाव कर सकता है। मगर यह बदलाव कब होगा, यह अभी तय नहीं हैं। बोर्ड के अधिकारियों के अनुसार छात्रों को कन्फ्यूज होने की जरूरत नहीं है। हर साल की तरह छात्र सामान्य तरीके से इस साल भी एग्जाम देंगे। क्योंकि, बोर्ड में अभी तक इसको लेकर कोई प्रस्ताव नहीं बना है। हालांकि, अधिकारियों का यह भी कहना है कि इस संबंध में बोर्ड में सिर्फ विचार चल रहा है। माध्यमिक शिक्षा मंडल के सचिव केडी त्रिपाठी का कहना है कि बोर्ड ने फिलहाल कोई प्रस्ताव तैयार नहीं किया है। मुख्य परीक्षा और उसके बाद की परीक्षा हर बार की तरह इस बार भी होगी। लेकिन, दो बार आयोजित होने वाली परीक्षा अभी विचाराधीन है। इसे लागू नहीं किया गया है। उल्लेखनीय है कि 2024 में एमपी बोर्ड की 10वीं और 12वीं परीक्षा में करीब 2.20 लाख छात्रों को पूरक परीक्षा का अवसर मिला था। जबकि, 5.60 लाख छात्र फैल हुए थे। ऐसे में यह नया नियम छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण राहत साबित होगा।

#### मुख्य परीक्षक भी जाचेंगे कॉपी..!

माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा 25 फरवरी से आयोजित की जा रही है। पांच मार्च से मूल्यांकन कार्य शुरू कर दिया जाएगा। मूल्यांकन करने वाले शिक्षकों को मंडल ने अच्छे और बिल्कुल फिसड्डी विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। ऐसे विद्यार्थी जिन्हें एक नंबर भी न मिला हो या जिनके नंबर 90 प्रतिशत से अधिक हो, उनकी उत्तरपुस्तिका दोबारा जांच की जाएगी। साथ ही उनकी उत्तरपुस्तिकाओं को मुख्य परीक्षक भी जाचेंगे। इनके अलावा एक या दो अंक से किसी विषय में विशेष योग्यता या प्रथम श्रेणी की पात्रता से वंचित होने वाले परीक्षार्थियों पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसमें हर पेज पर मिले अंकों को जोडने में भी विशेष सावधानी रखी जाएगी। ऐसे सभी विद्यार्थियों की कापी दोबारा चेक कर अंकों को ध्यान से जोडने के निर्देश दिए गए हैं।

#### लागू हुआ तो यह होंगे बदलाव...

मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में अगर बोर्ड नई शिक्षा नीति 2020 के तहत 10वीं और 12वीं में फैल होने वाले स्टूडेंटस को राज्य ओपन बोर्ड की तरह दोबारा परीक्षा देने का अवसर देता है तो अब फैल होने वाले छात्र जुलाई में दोबारा परीक्षा दे सकेंगे। इस बदलाव से उन छात्रों को राहत मिलेगी, जिन्हें एक या अधिक विषयों में फैल होने पर पूरे साल इंतजार करना पडता था। मध्य प्रदेश के अलावा गुजरात और छत्तीसगढ में भी साल में दो बार बोर्ड परीक्षा का मॉडल लागू किया गया है। इससे छात्रों को बेहतर अवसर मिलते हैं और उनका साल खराब नहीं होता।

#### यह रहेगा खास...

✻ विद्यार्थियों को हर स्टेप के नंबर मिलेंगे। ✻ मप्र बोर्ड परीक्षा में अगर विद्यार्थी ने किसी भी सवाल को आधे से अधिक हल किया तो उसे आधा अंक मिल जाएगा। हर स्टेप पर अंक दिए जाएंगे। ✻ विद्यार्थी ने प्रश्न से संबंधित जो लिखा है उसे उसके अंक भी दिए जाएंगे। ✻ मूल्यांकन केंद्र के अंदर एक बार प्रवेश करने के बाद शिक्षक को बाहर नहीं जाने दिया जाएगा। ✻ इसके अलावा कापियों की चैकिंग आदर्श उत्तर के अनुसार होगी। ✻ सबसे पहले 12वीं की कापी जांचने का काम प्राथमिकता से किया जाएगा। ✻ मूल्यांकन के दौरान केंद्रों पर धारा 144 लागू रहेगी। ✻ एक शिक्षक को प्रतिदिन न्यूनतम 30 व अधिकतम 45 उत्तरपुस्तिकाएं जांचने के लिए दी जाएगी। ✻ आठ घंटे की प्रतिदिन की ड्यूटी करनी होगी।

## झगड़ा छुड़ाने गया तो पीटा, 6 पर केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 12 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट के मामले में छह आरोपियों पर केस दर्ज किया। अमरपुरा निवासी रामदयाल पिता सालगराम बागरी ने मल्हारगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई गांव के दशरथ बागरी, लखन बागरी, दिनेश बागरी, प्रेमचंद बागरी, जीवन बागरी, हुरजीबाई आपस में झगड़ रहे थे। मैं छुड़ाने गया तो सभी ने मेरे साथ मारपीट की। बीच-बचाव करने आए मेरे भाई राकेश, पिता सालगराम, मां सुगनाबाई के साथ भी मारपीट की। जिससे उन्हें गंभीर चोंटे आई। पुलिस ने मारपीट करने वाले सभी छह आरोपियों पर केस दर्ज किया।

## पोर्टल 14 से शुरू होगा, आमजन के काम 17 से हो पाएंगे..!

**मंदसौर, 12 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** एमपी ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल का अपडेशन होने से नपा का पोर्टल भी बंद हो गया है। पहले यह 10 फरवरी तक शुरू होना था। लेकिन, अब 14 फरवरी को होगा। नपा की राशनकार्ड शाखा के कर्मचारियों के अनुसार भले ही पोर्टल 14 को शुरू हो जाएगा। लेकिन, 15 व 16 को शनिवार-रविवार की छुट्टी होने से जनता के काम तो 17 फरवरी से ही शुरू हो पाएंगे। दूसरी तरफ नपा की राशनकार्ड शाखा में ही विभिन्न मद के 300 से ज्यादा आवेदन पोर्टल बंद होने के पहले से पेडिंग हैं और अब नए आ रहे हैं, उनके काम नहीं हो रहे। शाखा में समग्र आईडी व आधार में बच्चों से लेकर अभिभावकों के नाम की स्पेलिंग में अंतर, मोबाइल नंबर अपडेट न होने सहित अन्य कार्य के लिए रोज औसत 80-90 लोग पहुंचते हैं। जो अब पूछकर वापस लौट रहे हैं।

मप्र शासन द्वारा प्रत्येक परिवार के लिए समग्र आईडी को अनिवार्य किया गया था। शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ इसी के माध्यम से मिलता है। इसलिए इसे सभी लोगों को बनवाना जरूरी है। जिनके बन गए हैं, उन्हें उसमें यदि कोई कमी है तो अपडेट करवाना भी आवश्यक है। वर्तमान में बैंकिंग खाता, परिवार बीपीएल सत्यापन, पंजीयन, स्कूल एडमिशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रसूता सहायता राशि, वृद्धावस्था पेंशन, राशन, किसानों का रजिस्ट्रेशन सहित अन्य सभी सरकारी योजनाओं के लिए समग्र आईडी होना आवश्यक है। इसके अलावा शासन द्वारा संचालित छात्रों को मिलने वाली विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्ति भी इसी समग्र आईडी के माध्यम से मिलती है। नई समग्र आईडी बनवाने तो कम पहुंचते हैं। लेकिन, जिनकी बनी है वे करेक्शन या अपडेशन करवाने बड़ी संख्या में पहुंचते हैं।

#### दुर्घटना में बाइक सवार घायल

**पिपलियामंडी, 12 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** दुर्घटना के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया। बुधवार को प्रात: 11.30 बजे ओवरब्रिज के नीचे बाइक (एमपी 14 एमयू 5059) को कार (एमपी 09 सीबी 9573) के ड्राइवर ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में अमरपुरा निवासी परमानंद पिता सत्यनारायण पाटीदार घायल हो गया। पुलिस ने कार ड्राइवर पर केस दर्ज किया।

#### पत्नी को पीटा, प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 12 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** शराब के नशे में पति ने पत्नी को पीटा, पुलिस ने केस दर्ज किया। रुपी निवासी सुमित्राबाई बावरी ने मल्हारगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि पति श्यामलाल बावरी शराब पीकर आया और बोला कि मुझे खर्चे के रुपए दे, मैंने इंकार किया तो गाली-गलौज की व लात-घुसों से पीटा, पुलिस ने पति श्यामलाल पर केस दर्ज किया।

## जिला कांग्रेस कार्यकारिणी का गठन वार्ड कमेटियों के बाद होगा...

**मंदसौर / उज्जैन, 12 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला कांग्रेस कार्यकारिणी के नए पदाधिकारियो के गठन का साल भर से इंतजार चल रहा है, अभी भी समाप्त होने का नाम नहीं ले रहा है। एक महीने पहले जिला चुनाव पर्यवेक्षक जयवर्धन सिंह अपने सहायक पर्यवेक्षक अमन बजाज और हेमंत चौहान के साथ दौरा कर गए हैं। जिलों के वरिष्ठ स्थापित नेताओं के अलावा ब्लॉकों के अध्यक्ष प्रतिस्पर्धियों से वन टू वन चर्चा का दौर भी हो गया था। ब्लॉक अध्यक्षों के नाम पर कयास भी लगाए जाने लगे थे कि अचानक जैसे प्रदेश संगठन ने ही चुनाव प्रक्रिया को जैसे रोक दिया हो। चलती प्रक्रिया के अचानक रुक जाने से कांग्रेसियों की नुक्कड़ चर्चा में भी प्रक्रिया क्यों रुकी, इस पर चर्चाएं होने लगी है।



चन्द्रमोहन भगत

मंदसौर जिले में 13 ब्लॉक और दो उप ब्लॉक है। 11 नगर परिषद और एक नगर पालिका है, इसमें 40 वार्ड है। सूत्रों पर भरोसा करें तो प्रदेश संगठन ने जमीनी पकड़ मजबूत करने के लिए पहले वार्ड कमेटियों का गठन करने की योजना बनाई है। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का जिलेवार दौरा कार्यक्रम जारी है। स्वाभाविक है प्रदेश के सभी जिलों के दौरे में समय लगेगा। इसी तर्ज पर वार्ड कमेटियों से गठन शुरु होगा तो जिले के गठन में भी समय लगना स्वभाविक ही है। अत: यह माना जा सकता है कि जिला कार्यकारिणियों के गठन में अभी और अधिक समय लग जाएगा। जब कि एक बार पूर्व जिलों में चुनाव पर्यवेक्षकों ने दौरा भी कर लिया था। कांग्रेस कार्यकर्ता उम्मीद लगाए बैठे थे कि फरवरी के पहले पखवाड़े में ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा कर दी जाएगी। कांग्रेस की यह राष्ट्रीय और नासूर जैसी बीमारी है कि अपने ही संगठन को डचरे की तरह चलाना। जैसे एक पहिया भष्ट हो गया है तब भी वजन लादकर उसे चलाते रहना। जबकि, विकल्प मौजूद होता है। यह उदाहरण ही है कि पहले पर्यवेक्षक को भेज कर जिलों और ब्लॉक अध्यक्षों के लिए राय शुमारी तक की जा चुकी है। और जब कार्यकर्ता घोषणा का इंतजार करने लगा तब वार्डो के गठन का शगुफा छोड़ दिया। वार्डों के गठन से किसी कार्यकर्ता को आपत्ति नहीं है। इससे कांग्रेस का संगठन मजबूत ही होगा। पर समय जो निकला जा रहा है, उससे कार्यकर्ताओं का उत्साह समाप्त सा होता जा रहा है।

संसदीय क्षेत्र में मंदसौर मुख्यालय के विधायक कांग्रेस के एकमात्र विपिन जैन है।इसलिए कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्ता में थोड़ी ऊर्जा भी नजर आ रही है। अभी तक जिला कांग्रेस अध्यक्ष भी विपिन जैन ही है। चार साल बाद फिर 2029 में चुनाव होना है। अगर कांग्रेस की संगठन की गतिविधियां इतनी मरियल गति से चलायमान रही तो विधायक के कारण सड़कों पर अभी जितने कार्यकर्ता पदाधिकारी निकल आते हैं, वह भी घटते जाएंगे। कांग्रेस संगठन जागेगा, तब तक अगले विधानसभा चुनाव सर पर होंगे और तब वार्ड से लेकर पोलिंग तक के लिए कार्यकर्ता तलाशना महंगा पड़ेगा। जिला अध्यक्ष और विधायक विपिन जैन होने के बाद भी कांग्रेस के सार्वजनिक कार्यक्रम में आज तक सभी पदाधिकारी तक उपस्थित नहीं हो पाए हैं। ऐसे में यही पदाधिकारी बने रहे। नई टीम नहीं बनाई गई तो समय के साथ पद के लिए स्पर्धा कर रहे युवा कार्यकर्ता भी हताश होकर घर बैठ जाएंगे। कार्यक्रम का ऐसा कमजोर संगठन चयन का कार्यक्रम तब उजागर है जब भाजपा ने हाल ही में अपने जिला पदाधिकारी की पूरी प्रक्रिया को 30 से 40 दिन में अंजाम देकर घोषणा किए एक पखवाड़ा बीत गया है।

## कार की टक्कर से बाइक के पास खड़े दो लोगों की मौत

**मंदसौर, 12 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। दलौदा थाना क्षेत्र के फोरलेन हाईवे पर बुधवार शाम एक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे खड़े बाइक सवारों को कुचल दिया, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।**

मृतकों की पहचान सोनगरी गांव के 27 वर्षीय माधु पिता नाथू सिंह राजपूत और 55 वर्षीय रोडमल सूर्यवंशी के रूप में हुई है। दोनों बाइक से गांव की तरफ जा रहे थे। भारी वाहनों की आवाजाही के कारण वे सड़क के किनारे खड़े थे। तभी राजस्थान नंबर की कार ठग09 उउ 9426 ने उन्हें टक्कर मार दी।

हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। दोनों को बड़े अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कार ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरु कर दी है। गुरुवार सुबह शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द किया जायेगा।

# विचार-मंथन

## 'फ्री की राजनीति' पर जनता का फैसला, दिल्ली का रुख बदला



दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे अप्रत्याशित नहीं कहे जा सकते। यह चुनाव शुरू से दो-ध्रुवीय था। भाजपा और आम आदमी पार्टी के बीच सीधी टक्कर थी। कांग्रेस ने जरूर दावेदारी की थी, मगर जैसे-जैसे चुनाव की सरगर्मी बढ़ती गई, उसे अहसास होने लगा था कि वह मुकाबले में नहीं है। इसका नतीजा यह हुआ कि उसे शिथिलता ने घेर लिया। भाजपा लंबे समय से आम आदमी पार्टी की कमजोरियों और अनियमितताओं को उजागर करती आ रही थी। इस तरह वह लोगों के मन में सत्ताविरोधी लहर पैदा करने में कामयाब भी हुई। हालांकि तमाम सर्वेक्षणों से यही पता चल रहा था कि दिल्ली की बड़ी आबादी आम आदमी पार्टी सरकार से बहुत नाखुश नहीं थी, मगर उनमें से काफी लोग इस बार बदलाव चाहते थे। आम आदमी पार्टी की साख को सबसे अधिक नुकसान कथित शराब घोटाले की वजह से हुआ। इस मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को जेल जाना पड़ा था। पार्टी लगातार दलील देती रही कि उसके नेताओं को झूठे आरोप में फंसाया गया है, मगर वह लोगों के गले नहीं उतरी। उन्होंने दागी नेताओं को शिकस्त दी। इन नतीजों से यह भी जाहिर हुआ है कि भाजपा के काम पर लोगों का भरोसा कमजोर नहीं हुआ है। हालांकि दिल्ली विधानसभा चुनाव में इस बार मुद्दों से अधिक मुफ्त की योजनाओं का शोर सुनाई दिया। आम आदमी पार्टी सरकार पहले से मुफ्त बिजली-पानी और शिक्षा-स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का लाभ लोगों को पहुंचा रही थी। इसे लेकर बहुत सारे लोगों के मन में एक आकर्षण बना हुआ था। फिर सरकार ने चुनाव से ऐन पहले घोषणा कर दी कि वह हर महिला को इक्कीस सौ रुपए हर महीने देगी। इसके लिए पंजीकरण भी शुरू कर दिया। इसके जवाब में भाजपा ने ढाई हजार रुपए हर महीने देने की घोषणा कर दी। फिर यह भी भरोसा दिलाया कि जो योजनाएं पहले से चल रही हैं, अगर उसकी सरकार बनी तो, उन्हें बंद नहीं किया जाएगा। इस वादे पर लोगों ने भरोसा किया। दूसरे कुछ राज्यों में भी भाजपा महिलाओं के लिए नगद राशि देने की योजनाएं चला रही है। जबकि पहले भाजपा खुद दिल्ली सरकार की मुफ्त की योजनाओं की मुखर आलोचना करती थी, मगर चुनाव आते ही उसने भी आम आदमी पार्टी को उसी के दांव से पटखनी देने का फैसला कर लिया और उसमें उसे कामयाबी भी मिली। दिल्ली सरकार के पास शासन क्षेत्र सीमित है, उसे केंद्र के साथ तालमेल बिठा कर ही विकास योजनाओं पर आगे कदम बढ़ाना होता है। आम आदमी पार्टी सरकार और केंद्र के बीच शुरू से तनातनी बनी हुई थी, जिसके बीच अपने अधिकारों को लेकर कई बार केजरीवाल सरकार को अदालत तक का दरवाजा खटखटाना पड़ा। उपराज्यपाल से उनके रिश्ते कभी समरस नहीं रहे। ऐसे में भाजपा की सरकार बनने के बाद वह खींचतान समाप्त हो जाएगी और उम्मीद बनी है कि कुछ बेहतर और उल्लेखनीय काम हो सकेंगे। मगर नई सरकार के सामने चुनौतियां भी कम न होंगी। आम आदमी पार्टी सरकार ने शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधी जो काम किए हैं, उससे बेहतर काम करके दिखाना होगा। फिर शहर की साफ-सफाई, जलभराव आदि जैसी समस्याओं से निपटना हर वर्ष की चुनौती है। नगर निगम के साथ किस तरह तालमेल बिठा कर वह इन मसलों को हल करने का प्रयास करेगी, उसी आधार पर उसका जनाधार मजबूत हो सकता है।

## ग्लोबल वार्मिंग से जीडीपी को भी खतरा!

**अपर्णा राय**

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को अपने बजट आवंटन में मामूली 2.47प्रतिशत की वृद्धि मिली है. औद्योगिक डीकार्बोनाइजेशन, जलवायु अनुकूलन और पारिस्थितिकी तंत्र संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए धन की कमी होगी. हालांकि सौर ऊर्जा और इलेक्ट्रिक वाहनों पर बढ़ता खर्च स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ने का संकेत देता है. लेकिन, यह बजट भारत के जलवायु एजेंडे के प्रति समग्र दृष्टिकोण अपनाने में विफल दिख रहा है.




**जलवायु संकट से जीडीपी को नुकसान:** भारत ने महत्वाकांक्षी जलवायु लक्ष्य निर्धारित किए हैं, जिसका लक्ष्य 2070 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन और 2030 तक उत्सर्जन तीव्रता में 50त्न की कमी लाना है. इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के साथ-साथ विकसित भारत के लिए लचीली और समावेशी विकास रणनीतियों को अपनाना होगा. यदि जलवायु जोखिम कम नहीं किये गये तो भारत को जलवायु संकट के कारण 2070 तक अपने सकल घरेलू उत्पाद का 24.7त्न कम होने की आशंका है.

**अमेरिका के बाद भारत की भूमिका बढ़ी:** संयुक्त राज्य अमेरिका के पेरिस समझौते से बाहर आने की घोषणा के बाद, दुनिया तेजी से भारत को वैश्विक जलवायु नेता के रूप में देख रहा है. हालांकि, जलवायु परिवर्तन पर रोक को लेकर भारत का मौजूदा बजट उम्मीदों से कम है. महत्वपूर्ण जलवायु क्षेत्रों के लिए न्यूनतम बजटीय सहायता के साथ, भारत अपने जलवायु कार्रवाई प्रयासों को सार्थक रूप से कैसे आगे बढ़ा सकता है? जलवायु संतुलन को बनाये रखने के लिए कौन-कौन से संरचनात्मक और रणनीतिक ढांचे को लागू किया जाना चाहिए?

**नीति निर्माण में बदलाव की जरूरत:** सबसे पहले, भारत को नीति निर्माण में सार्थक बदलाव की आवश्यकता है. जिसके लिए विकास को मापने के तरीके को फिर से परिभाषित करना होगा. भारत के सामने मौजूद मूलभूत चुनौतियों में से एक जलवायु नीतियों और आर्थिक रणनीतियों के बीच एकीकरण की कमी है. बजट बुनियादी ढांचे के विस्तार और औद्योगिक निवेश द्वारा संचालित आर्थिक विकास और पर्यावरणीय स्थिरता के बीच चल रहे संघर्ष को उजागर करता है. जलवायु संतुलन बनाये रखने के लिए सरकार की घोषणाएं, आर्थिक विकास पर की गई घोषणाओं से अलग हैं. जिससे दोनों के बीच विरोधाभास बना हुआ है. दृष्टिकोण में बदलाव जरूरी है.

**जीडीपी पर निर्भरता कम हो:** जलवायु संतुलन के लिए की जा रही पहल को आर्थिक बाधा के रूप में नहीं बल्कि विकास गुणक के रूप में देखा जाना चाहिए. भारत को आर्थिक प्रगति के प्राथमिक संकेतक के रूप में जीडीपी पर निर्भरता से आगे बढ़ना चाहिए. एक अधिक व्यापक ढांचा जिसमें कार्बन तीव्रता, संसाधन दक्षता और जलवायु लचीलापन जैसे स्थिरता मीट्रिक शामिल हैं. दीर्घकालिक विकास की एक स्पष्ट तस्वीर प्रदान करेगा. भारत को अपनी आर्थिक योजना में स्थिरता को शामिल करना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि विकास पर्यावरणीय और सामाजिक गिरावट की कीमत पर न हो.

**ब्लूप्रिंट का अभाव:** दूसरा, बजट में बुनियादी ढांचे के विकास पर ध्यान केंद्रित करने से इस असंगत दृष्टिकोण को और उजागर किया गया है. पूंजीगत व्यय के लिए आवंटित 11.5 लाख करोड़ रुपये के साथ, सरकार ने भारत के बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है. हालांकि, इस खर्च में जलवायु-लचीले ब्लूप्रिंट का अभाव है. आज शुरू की गई बुनियादी ढांचा परियोजनाएं आने वाले दशकों के लिए भारत के विकास पथ को आकार देंगी, जिनमें से कई के 2050 से आगे तक चलने की उम्मीद है. एक ऐसा समय जब जलवायु जोखिम तीव्र होने का अनुमान है, बुनियादी ढांचे की योजना में जलवायु लचीलापन को एकीकृत किए बिना, ये परियोजनाएँ कमजोरियों को कम करने के बजाय उन्हें और गहरा कर सकती हैं.

**जलवायु परिवर्तन से संकट का आकलन:** भारत के बुनियादी ढांचे के विस्तार में जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न पर्यावरणीय और सामाजिक-आर्थिक जोखिमों को ध्यान में रखना चाहिए. बड़े पैमाने की परियोजनाओं के कारण अक्सर विस्थापन, भूमि की हानि और आजीविका संबंधी चुनौतियां पैदा होती हैं, जो विशेष रूप से हाशिए पर रहने वाले समुदायों को प्रभावित करती हैं. फिर भी, बजट में इन प्रभावों को कम करने की रणनीतियों की रूपरेखा नहीं दी गई है. सार्वजनिक निवेश योजना में जलवायु जोखिम आकलन की अनुपस्थिति एक स्पष्ट चूक बनी हुई है. जैसे-जैसे भारत अपने भविष्य के शहरों, राजमार्गों और ऊर्जा ग्रिडों का निर्माण कर रहा है, इन परियोजनाओं में स्थिरता को मुख्यधारा में लाना अनिवार्य है.

**इलेक्ट्रिक वाहन को बढ़ावा:** तीसरा, बजट में एक महत्वपूर्ण कमी यह है कि इसमें अनुकूलन की कीमत पर शमन पर बहुत अधिक ध्यान दिया गया है. जबकि सौर क्षेत्र और इलेक्ट्रिक वाहनों में निवेश भारत के कम कार्बन संक्रमण लक्ष्यों के अनुरूप है, अनुकूलन उपायों पर कम ध्यान दिया जाता है. जैव विविधता संरक्षण के लिए वित्तपोषण स्थिर हो गया है, और तटीय लचीलेपन के लिए आवंटन- जो बढ़ते समुद्री स्तरों के प्रति भारत की भेद्यता को देखते हुए एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है में कमी आई है. जलवायु परिवर्तन के लिए राष्ट्रीय अनुकूलन कोष जिसे अनुकूलन प्रयासों का समर्थन करने के लिए डिजाइन किया गया है. अभी भी कम वित्तपोषित है, जिससे कमजोर समुदायों की रक्षा करने की क्षमता सीमित है.

**फसल की पैदावार में गिरावट:** जलवायु के प्रति सबसे संवेदनशील देशों में से एक भारत को अपनी कृषि, जल सुरक्षा और शहरी लचीलेपन के लिए गंभीर खतरों का सामना करना पड़ रहा है. बढ़ते तापमान और बदलते मौसम के कारण पहले से ही फसल की पैदावार में गिरावट आ रही है।

## बार-बार अवकाश से बिगड़ता है सीखने का लय

**राजेंद्र जोशी**



लोकतंत्र में सरकार के बनाए गए नियमों से ही जनता को चलना होता है। सरकार के नियमों से जीवनयापन की जिम्मेदारी लोक उठाता है। मगर सरकार जब नियम-कानून-कायदे बनाती है, तब उससे हर वर्ग और हर विभाग के लिए उसके अनुरूप कानून और कायदे बनाए जाने की अपेक्षा रहती है। विडंबना यह है कि शिक्षा और स्थानीय निकायों को एक ही लकड़ी से हांकने की कोशिश हो रही है। आमतौर पर सरकार में बैठे नौकरशाहों को संबंधित क्षेत्र में हर विषय का विशेषज्ञ माना जाता है। मगर सच यह है कि लोक के प्रतिनिधि जब तंत्र में आते हैं तो उन्हें यह देखना चाहिए कि शिक्षा से संबंधित निर्णय अभिभावकों और शिक्षाविदों की सलाह से लिए जाएं। इसके बाद शैक्षणिक सत्र या 'कैलेंडर' क्षेत्र विशेष के अनुरूप बनाया जाना चाहिए। देश के अलग-अलग राज्यों में एक ही समय में मौसम का तापमान अलग रहता है। वहां के मौसम को देखते हुए ही क्षेत्र विशेष में छुट्टियों का फार्मूला तय किए जाने की जरूरत है। पिछले दिनों एक खबर सामने आई थी कि जिला कलेक्टर सर्दी को मद्देनजर रखते हुए संबंधित जिले में स्कूलों की छुटियां और समय में परिवर्तन कर सकते हैं। भारत सरकार और राज्य सरकारें शिक्षा सत्र में छुट्टियों के मामले में लगभग एक जैसा ही रुख रखती हैं। जबकि शिक्षा विभाग में अन्य विभागों से छुट्टियां अधिक होती हैं। पिछले दिनों एक जानकारी सामने आई कि स्कूलों में बच्चों के कुल तीन सौ पैंसठ दिन में से एक सौ पैंतालीस दिन अवकाश में बीत जाते हैं। इसके अलावा आकस्मिक अवकाश की व्यवस्था अलग है। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि बच्चों के अध्ययन में कोई कमी न हो, इसके लिए छुट्टियों का तालमेल कुछ इस तरीके से बिठाया जाए, ताकि छुट्टियां कम से कम हों। दरअसल, एक विचार यह भी रहा है कि इतने अधिक दिन स्कूल बंद रहने से बच्चों के भीतर सीखने और शिक्षण के बाकी स्तर की नींव कमजोर हो जाती है। इस सिरे से देखें तो अगर पढ़ाई-लिखाई के मामले में बच्चों की नींव कमजोर होगी तो इसका सीधा असर देश के भविष्य पर पड़ेगा। इसके अलावा, अलग-अलग कारणों से जिस तरह स्कूलों में बार-बार छुट्टियां या नियमित कक्षाएं बाधित होती हैं, शिक्षकों को अन्य कार्यों में लगाया जाता है, उससे बच्चों की पढ़ाई बाधित होती है। यहां यह भी सोचने की बात है कि बदलते मौसम चक्र में ज्यादा बारिश या गर्मी या ठंड कोई नई बात नहीं रही है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों से अचानक इस वजह से स्कूलों को बंद करने की घोषणा की जाती है, वह विचित्र है। मौसम के बारे में अब पूर्वानुमान से लेकर इस संबंध में आकलन किए जाने को लेकर वैज्ञानिक आधार पहले से मौजूद होते हैं। सवाल है कि स्कूल चलने देने या बंद करने के मामले में मौसम को अगर वजह माना जाता है तो इस वजह को पहले से ध्यान में क्यों नहीं रखा जाता। बदलते मौसम परिवर्तन को पहले से स्कूलों के समय में परिवर्तन किया जाना चाहिए। बार-बार छुट्टियां करना, बेवजह स्कूल बंद रखना उचित नहीं है। फिर ऐसा भी होता है कि कई बार मौसम के बारे में जिस तरह के अनुमान सामने आते हैं, उसके आधार पर घोषणा होती है, मगर अगले दिन से मौसम कई बार वैसा नहीं होता है, जैसा अनुमान लगाया गया होता है। इसके बावजूद इस बात की जरूरत महसूस होती है कि मौसम के मुताबिक स्कूल में समय-सारिणी तय की जाए। मसलन, सर्दी के मौसम के दौरान पहले से ही स्कूल का समय दस बजे से चार बजे तक का रखा जा सकता है, ताकि बच्चों को सर्दी में ठिठुरते हुए स्कूल न जाना पड़े। यह छिपा नहीं है कि अधिक ठंड के मौसम में सुबह छह या सात बजे स्कूल के लिए निकलने की वजह से कई बच्चे बीमार हो जाते हैं और उनकी सेहत के सामने कई तरह के जोखिम रहते हैं। दूसरी ओर, अधिक छुट्टियां होने के कारण बच्चों का शिक्षण बाधित होता है। प्रत्यक्ष शिक्षण में अंतराल ज्यादा होता है तो इससे पढ़ाई-लिखाई का माहौल कमजोर होता है। ऐसे में बच्चे नियमित पढ़ाई-लिखाई से दूर होते जाते हैं। जरूरत इस बात की है कि बच्चों की शैक्षणिक नींव को प्राथमिक शिक्षा से ही मजबूत किया जाए। शैक्षणिक सत्र को मौसम के अनुकूल प्रभावित करने से पहले हमें व्यापक स्तर पर सोचना होगा। ध्यान रखने की जरूरत है कि यह वह समय है जब दुनिया भर में प्रतिस्पर्धा का दौर चल रहा है। ऐसे में हमें भविष्य के भारत के लिए बच्चों से ही उम्मीद है।

## पहली बार इंसानों में मिला ये घातक वायरस, वैज्ञानिकअनुसार कितना खतरनाक हो सकता है संक्रमण

पिछले एक दशक में कई प्रकार की संक्रामक बीमारियों ने दुनियाभर में स्वास्थ्य विशेषज्ञों की चिंता बढ़ाई है। कोरोनावायरस, निपाह, मंकीपॉक्स हो या हाल के दिनों में तेजी से बढ़ रहे बर्ड फ्लू के मामले वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं पर अतिरिक्त दबाव बढ़ाते रहे हैं। इसी बीच एक और अति संक्रामक और घातक माने जा रहे वायरस के फैलने की खबर है। हालिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिका में कैंप हिल वायरस की पहचान हुई है। पहली बार कैंप हिल वायरस इंसानों में पाया गया है। न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय और सिटी कॉलेज का न्यूयॉर्क के शोधकर्ताओं ने उत्तरी अमेरिका में हेनिपावायरस के एक नए प्रकार की पहचान की है, जो इस महाद्वीप में पहली बार पाया गया है। यह वायरस छछूंदरों से मनुष्यों में फैल सकता है, जिससे वैज्ञानिकों में चिंता बढ़ गई हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया कि अभी तक कैंप हिल वायरस को कभी भी मनुष्यों में नहीं देखा गया था, यह पहली बार है। इस वायरस का संक्रमण इंसानों को कई प्रकार से प्रभावित करने वाला हो सकता है, इसे निपाह से भी खतरनाक माना जा रहा है।

**हेनिपावायरस की एक प्रजाति का है कैंप हिल वायरस :** वैज्ञानिकों की टीम ने बताया कि ये हेनिपावायरस की एक प्रजाति है जिसे जूनोटिक माना जाता रहा है, इसका मतलब है कि यह जानवरों से मनुष्यों में फैल सकता है। ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में स्कूल ऑफ केमिस्ट्री एंड मॉलिक्यूलर बायोसाइंसेज के डॉ. राइज पैरी बताते हैं कि हेनिपावायरस अब तक दुनिया के कई हिस्सों में इंसानों और जानवरों में गंभीर बीमारी और मौत का कारण बनाता रहा है। चूंकि कैंप हिल वायरस भी हेनिपावायरस फैमिली से ही संबंधित है ऐसे में इसके कारण गंभीर स्वास्थ्य जोखिमों का खतरा हो सकता है।

**डब्ल्यूएचओ ने माना इसे बड़ा खतरा :** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) हेनिपावायरस और इसकी अन्य प्रजातियों को वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए एक बड़ा खतरा मानता है। पहले माना जाता था कि कैंप हिल वायरस केवल चमगादड़ों द्वारा फैलता है लेकिन अब इसका छछूंदर जैसे अन्य जानवरों में दिखाना और भी चिंता बढ़ाने वाला हो सकता है। इससे स्पष्ट होता है कि वायरस पहले की अपेक्षा कहीं अधिक व्यापक रूप से फैल सकता है। अभी तक किसी इंसान में इसकी जानकारी नहीं मिली थी। विशेषज्ञ कहते हैं कि अमेरिका में मामला सामने आने के बाद इसके कारण होने वाले खतरों को समझना और संक्रमण की रोकथाम को लेकर प्रयास करना बहुत जरूरी हो गया है।

**70 फीसदी तक हो सकती है इसकी मृत्युदर :** वैज्ञानिक बताते हैं कि हेनिपावायरस फैमिली के अन्य वायरस जैसे हेंड्रा वायरस हो या निपाह, इन सभी को इंसानों के लिए बहुत खतरनाक पाया गया है। हेंड्रा वायरस के कारण मृत्युदर 70 फीसदी जबकि निपाह के कारण 40-75 प्रतिशत की मृत्युदर देखी जाती रही है। कैंप हिल के बारे में अभी बहुत ज्यादा जानकारियां उपलब्ध नहीं हैं पर इसकी फैमिली हिस्ट्री को देखते हुए इसे भी इंसानों के लिए बहुत खतरनाक बताया जाता रहा है। क्वींसलैंड विश्वविद्यालय में शोधकर्ता डॉ. एरियल इसाक कहते हैं, इंसानों में कैंप हिल वायरस के मामले सामने आने के बाद से लोगों में कई तरह का डर देखा जा रहा है।

## लोकसभा में अनुराग ठाकुर ने किया राहुल गांधी पर जीरो वाला तंज




## आज का राशिफल

मेष : [illegible] शुभांक-2-3-6

वृषभ : [illegible] शुभांक-3-4-7

मिथुन : [illegible] शुभांक-4-5-6

कर्क : [illegible] शुभांक-4-6-8

सिंह : [illegible] शुभांक-3-5-6

कन्या : [illegible] शुभांक-5-7-8

तुला : [illegible] शुभांक-1-5-8

वृश्चिक : [illegible] शुभांक-5-7-9

धनु : [illegible] शुभांक-3-5-7

मकर : [illegible] शुभांक-2-5-8

कुंभ : [illegible] शुभांक-3-4-6

मीन : [illegible] शुभांक-2-4-7

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5506

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | | | | 8 | | 6 |
| | | 3 | 8 | | 2 | | | |
| 6 | | | | | 4 | 9 | 5 | |
| 3 | 6 | | | 1 | | | | |
| 4 | | | 3 | | 5 | | | 7 |
| | | | | 2 | | | 3 | 9 |
| | 9 | 1 | 5 | | | | | 4 |
| | | | 2 | | 1 | 7 | | |
| 8 | | 4 | | | | 2 | | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5505

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 8 | 6 | 3 | 9 | 5 | 1 | 2 |
| 1 | 3 | 9 | 5 | 8 | 2 | 7 | 6 | 4 |
| 6 | 2 | 5 | 4 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 8 | 6 | 3 | 4 | 5 | 1 |
| 5 | 6 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 2 | 3 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 6 |
| 9 | 8 | 7 | 3 | 2 | 6 | 1 | 4 | 5 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 8 | 2 | 9 | 7 |
| 2 | 1 | 4 | 7 | 9 | 5 | 6 | 3 | 8 |

## वर्ग पहेली 5506



संकेत: बाएं से दाएं
1. सन् 2000 में यह भारत का 28 वां राज्य बना (4)
4. तुल्यता, बराबरी, संतुलन (3)
7. चांद, चंद्रमा के रथ के एक घोड़े का नाम (2)
8. जिससे काम निकल जाए (5)
9. प्रथा, रिवाज, रस्म (3)
12. संगीत का एक अंग जिसमें कलात्मक ढंग से अंगों का संचालन करना, नृत्य (2)
14. जंगल, अरण्य, वन (3)
15. उतनी वस्तु जितनी एक बार में लादी या फेंकी जाए (2)
16. औसत, अवलम्बित, अंत (3)
18. कुटिलता, धोखा या छल करने का भाव (4)
20. अंगहीन, अशक्त (3)
21. महाशय, श्रीमान, महोदय (3)
22. एक स्वीकृति सूचक शब्द (1)

ऊपर से नीचे
1. चट्टा टोकरा, पिटारा (2)
2. आंख आना, ओरताबे भरना, आई हुई आंख (3)
3. पश्चिमी अफ्रीका के उभार पर स्थित देश सेनेगल की राजधानी, उष्णवायु (3)
4. यथार्थत, ठीक-ठीक (4)
5. मुट्ठी (मराठी)(2)
6. जो रिश्ते में पिता के बड़े भाई हों (2)
10. स्तूप के आकार का (4)
11. इस वृक्ष के छोटे फलों से मदिरा का निर्माण होता है (3)
12. मिथ्या धर्मावलंबी, खालसा (5)
13. अवाम, परिवार (3)
15. ढलवां तट, पर्वत ढाल (2)
17. क्रीड़नक, इस फिल्म में संजीव कुमार ने एक पागल की यादगार भूमिका की थी (1970) (3)
19. पैर, पांव, डग, कदम (2)

### वर्ग पहेली 5505 का हल

[illegible]

# आईटी और प्रौद्योगिकी में अग्रणी मध्यप्रदेश करेगा भारत के डिजिटल भविष्य का निर्माण

## जीआईएस से खुलेंगे प्रगति के नए द्वार, इंदौर सहित अन्य शहर भी बन रहे टेक इनोवेशन और निवेश के नए हॉटस्पॉट

**मंदसौर, 12 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है किआईटी और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में मध्यप्रदेश देश में सबसे तेजी से आगे बढ़ता हुआ राज्य बनने की ओर अग्रसर है, जिसे ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से नई ऊर्जा मिलेगी। इस सेक्टर के लिए समिट में अलग से सत्र आयोजित होगा। मध्यप्रदेश में 15 से अधिक आईटी पार्क और 5 आईटी एसईजेड हैं, जिनमें इंदौर में क्रिस्टल आईटी पार्क और इंफोसिस जैसे प्रमुख सेंटर शामिल हैं। ये पार्क विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर से युक्त हैं, जो टीसीएस, इंफोसिस और एक्सेंचर जैसी प्रमुख कंपनियों को आकर्षित करते हैं। नॉलेज सिटी और इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर 2.0 जैसी आगामी परियोजनाएं, इस इको सिस्टम को और मजबूत करने के लिए तैयार हैं।

परिवर्तन के दौर से गुजर रहे देश के तकनीकी इको सिस्टम के विकास के अगले केन्द्र टीयर-2 शहर हैं, जो टेक इनोवेशन और निवेश के नए हॉटस्पॉट बनते जा रहे हैं। इसकी वजह है यहां कम परिचालन लागत, उच्च जीवन स्तर और कुशल प्रतिभा पूल की उपलब्धता। टीयर-2 शहर अब तकनीकी कंपनियों की पसंद बनते जा रहे हैं। खास बात है कि मध्यप्रदेश इंफ्रास्ट्रक्चर, टेलेंट और लागत-दक्षता प्रदान करने वाला अग्रणी राज्य है।मध्यप्रदेश का व्यापक आईटी, आईटीईएस और सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। विश्व स्तरीय आईटी पार्क, नॉलेज और सॉफ्टवेयर हब के साथ सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर विकसित करने से निश्चित रूप से मध्यप्रदेश तकनीकी क्रांति की अगली लहर का नेतृत्व करेगा।



**300 से अधिक तकनीकी शिक्षा संस्थान–** मध्यप्रदेश की विशेषता है कि 300 से अधिक तकनीकी शिक्षा संस्थान सालाना 50 हजार से अधिक तकनीकी स्नातक तैयार करते हैं। आईआईटी इंदौर, आईआईएम इंदौर और आईआईआईटी ग्वालियर जैसे प्रतिष्ठित संस्थान अत्यधिक कुशल युवाओं को गढ़ते हैं। भोपाल में ग्लोबल स्किल पार्क उद्योग के लिए कौशल संपन्न पेशेवर तैयार करता है।

**प्रगतिशील नीतियां–** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश की प्रगतिशील नीतियां और इनोवेशन को बढ़ावा देने और तकनीक के क्षेत्र में विश्वस्तरीय दिग्गज कंपनियों को आकर्षित करने के लिए डिज़ाइन की गई हैं। मध्यप्रदेश का मजबूत पॉलिसी-स्ट्रक्चर प्रौद्योगिकी संचालित विकास के लिए अनुकूल वातावरण बनाने में राज्य की प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जिसमें आईटी, आईटीईएस और ईएसडीएम निवेश संवर्धन नीति 2023, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स पॉलिसी 2025, एवीजीसी-एक्सआर पॉलिसी 2025, ड्रोन संवर्धन और उपयोग नीति 2025 और सेमीकंडक्टर नीति 2025 शामिल हैं। ये नीतियां टेक इंफ्रास्ट्रक्चर के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए कई तरह के प्रोत्साहन और सहायता प्रदान करती हैं।

**टेलेंट और इनोवेशन को बढ़ावा–** प्रदेश सरकार के फोकस में उभरती प्रौद्योगिकियों के साथ टेलेंट और इनोवेशन को बढ़ाते हुए आईटी पार्क, सॉफ्टवेयर हब और सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग में महत्वपूर्ण निवेश हैं। अग्रणी तकनीकी हब बनने की दृष्टि के साथ मध्यप्रदेश डिजिटल भविष्य को शक्ति प्रदान करने के रास्ते पर अग्रसर है। आईटी, आईटीईएस और ईएसडीएम निवेश संवर्धन नीति 2023 इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास पर केंद्रित है, जो कैपेक्स, भूमि, ब्याज छूट, मार्केटिंग और पेटेंट सहायता आदि प्रदान करती है। दूसरी ओर ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स पॉलिसी 2025 वैश्विक तकनीकी केंद्रों को आकर्षित करने के लिए डिज़ाइन की गई है, जो कैपेक्स, पेरोल और अपस्किलिंग के लिए सब्सिडी, आरएंडडी को सपोर्ट करती है। इसी तरह एवीजीसी-एक्सआर पॉलिसी-2025 एवीजीसी सेक्टर को सपोर्ट करते हुए इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण, उत्पादन संबंधी वित्तीय सहायता, उद्योग सहयोग और एवीजीसी-एक्सआर लैब की स्थापना आदि के लिए सहयोगी है। इसके अलावा ड्रोन संवर्धन और उपयोग नीति 2025 ड्रोन निर्माताओं और सेवा प्रदाताओं के लिए कैपेक्स सहायता, ड्रोन पाठ्यक्रमों के लिए प्रोत्साहन और अनुसंधान एवं विकास में सहयोग के साथ ड्रोन अपनाने को बढ़ावा देती है। इसके बाद सेमीकंडक्टर नीति 2025 महत्वपूर्ण है, जो कैपेक्स प्रोत्साहन और सीओई, पेरोल और कौशल विकास आदि के लिए सहयोग के साथ सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग को प्रोत्साहित करती है।

**परिवर्तनकारी निवेशों की लहर–** मध्यप्रदेश ने परिवर्तनकारी निवेशों की एक लहर देखी है, जो भारत के अगले बड़े तकनीकी केन्द्र के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करता है। इंदौर में एलटीआई माइंड्ट्री का 870 करोड़ रुपये का तकनीकी परिसर 10 हजार से ज्यादा नौकरियां प्रदान करेगा, जो आईटी सेवाओं और डिजिटल परिवर्तन परियोजनाओं में मध्यप्रदेश की भूमिका को मजबूत करेगा। रैकबैंक का डेटा सेंटर विस्तार में 644 करोड़ रुपये का निवेश मध्यप्रदेश के डिजिटल बुनियादी ढांचे और क्लाउड सेवाओं को मजबूत कर रहा है। हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीज और कॉग्निजेंट क्रमश: 50 करोड़ रुपये और 80 करोड़ रुपये के निवेश के साथ अपनी उपस्थिति का और विस्तार कर रहे हैं। ये परियोजनाएं साल 2024 में हासिल किए गए 2,500 करोड़ रुपये के प्रौद्योगिकी निवेश के साथ मध्यप्रदेश को पारंपरिक आईटी केंद्रों के समक्ष एक बेहतर और सक्षम विकल्प बनाती हैं।

**देश की डिजिटल क्रांति के साथ तालमेल–** मध्यप्रदेश न केवल देश की डिजिटल क्रांति के साथ तालमेल बना रहा है, बल्कि यह इसका नेतृत्व भी कर रहा है। एआई, साइबर सुरक्षा, एवीजीसी-एक्सआर और ड्रोन में राज्य का विजन इनोवेशन और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता की अगली लहर के लिए आधार तैयार कर रहा है। एआई और साइबर सुरक्षा में उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) की स्थापना, आगामी एवीजीसी, मीडिया पार्क और इनक्यूबेशन हब के साथ, अत्याधुनिक अनुसंधान और उद्योग सहयोग के लिए मध्यप्रदेश प्रतिबद्ध है। प्रगतिशील नीति ढांचे, विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे और प्रचुर प्रतिभा पूल के साथ मध्यप्रदेश भारत का अगला प्रमुख टेक पॉवरहाउस बनने के रास्ते पर अग्रसर है।

# मेघवाल समाज ने रविदास जयंती पर निकाला चल समारोह, प्रतिभाओं को किया सम्मानित

**मनासा, 12 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिस जमाने में सामाजिक व्यवस्था में विसंगतियां थी। जब समाज को बांटने का काम किया जा रहा था। इंसान से इंसान को आपस में लडाकर उन्हें दूर किया जा रहा था। ऐसी व्यवस्था के खिलाफ संतश्री रविदासजी अन्य संतो की तरह पहाड़ों और कंधारों में जाकर नही बैठे, बल्कि उन्होंने उस व्यवस्था के खिलाफ लड़ाई लड़कर हमें सम्मान से जीने के लायक बनाया, सभी समाजों धर्म और वर्ग को साथ लेकर चलने का संदेश दिया। बाबा साहेब ने संविधान के माध्यम से हमें मजबूत बनाने का काम किया। हमें भी संत शिरोमणी और बाबा साहेब के जीवन मूल्यों को आत्मसात कर देश और समाज के लिए जीना पडेगा। देश और समाज के लिए काम करने वालों को ही आने वाली पीढी और आमजन याद करते है।

यह बात मल्हारगढ विधानसभा क्षेत्र के किसान नेता श्यामलाल जोकचंद ने कहीं। वे मेघवाल समाज द्वारा आराध्य संत शिरोमणी रविदास की 648 वीं जन्म जयंती पर आयोजित समारोह में समाजजनों को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। जोकचंद ने कहा कि समाज में बालिकाओं के शिक्षा प्रतिशत अच्छा रहने पर खुशी जाहिर की वही बालकों में शिक्षा का स्तर कम होने पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि उन्हें शिक्षा दिलाएं। शिक्षित बनेंगे तो वे काबिल बनेंगे और काबिल बनेंगे तो वे अपने अधिकारों के लिए लडने में सक्षम होगे। हमारे बीच भले ही संत रविदासजी नही है और नही बाबा साहेब है लेकिन उनके विचार, सिद्वांत और उनका संघर्ष आज भी जिंदा है। खुद को संत और बाबा साहेब मानकर समाज और देश विकास के लिए काम करे। शिक्षा स्वास्थ्य के निजीकरण को लेकर कहा कि मौजुदा समय में सरकारी स्कूल अस्पताल और अन्य संस्थाओं को खत्म करने का किया जा रहा है। इसके खिलाफ हमें आगे आना होगा। हमारा समाज आर्थिक रूप से कमजोर है इसलिए उच्च शिक्षा पाने में योग्य होने के बावजुद वंचित रह जाते है। समाज के नागेश जावरिया, सीएमओ केएल सुर्यवंशी, कारूलाल चौरडिया, भेरूलाल मेघवाल गणेशपुरा, महेश मेघवाल, कन्हैयालाल चांदरिया प्रकाश परिहार, मुकेश मेघवा ने भी विचार रखते हुए संत श्री के बताएं रास्ते पर चलने की बात कहीं। इस दौरान संतश्री की प्रतिमा जोकचंद द्वारा समाज की 40 बालिकाओं को बांटी गई। वही राष्ट्रीय स्तर पर खो खो स्पर्धा में प्रतिनिधीत्व करने वाले विद्यार्थी आशीष मेघवाल को सम्मानित किया गया। समारोह से पहले मेघवाल समाज ने राम जानकी मंदिर से सुबह 11 बजे बैंड बाजो और ढोल ढमाकों के साथ में चल समारोह निकाला। चल समारोह में सुसज्जित जीप में संत शिरोमणी की प्रतिमा विराजित थी। वही महिलाएं आस्था के कलश सिर पर धारण कर मंगल गीत गा रही थी। युवक युवतियां भजनों पर नृत्य कर रही थी। वही पुरूष संत श्री का जयकारा लगा रहे थे। चल समारोह का नगर में जगह जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। अतिथियों का सम्मान जन्मोत्सव समिति अध्यक्ष मुकेश बसेर, युवराज मेघवाल, सहित आयोजन समिति सदस्यों ने किया। इस अवसर पर पार्षद दिनेश राठौर, सरपंच ईशु धनगर, पूर्व सरपंच दिनेश कारपेंटर, श्यामलाल लकुम, राजेश भारती, राजेश मालवीय, बीएल धनोतिया दिनेश राठौड,मुकेश साल्याखेडी, बगदीराम मेघवाल सहित समाजजन उपस्थित थे। संचालन धनेन्द्र वर्मा ने किया आभार मुकेश बसेर ने माना।

# पुलिस पेंशनर्स संघ मध्य प्रदेश के द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता शिविर सम्पन्न

**मंदसौर, 12 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** एमपी सिंह परिहार संस्थापक एवं प्रांतीय अध्यक्ष पुलिस पेंशनर संघ मध्य प्रदेश में बतायावर्तमान परिपेक्ष में देश की युवा पीढ़ी तरह-तरह के नसों से ग्रसित होकर अपना जीवन बर्बाद कर रही है माननीय मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन को पुलिस पेंशनर संघ मध्यप्रदेश की ओर से धन्यवाद ज्ञापित करता हूं कि उनके द्वारा मध्य प्रदेश की 17 धार्मिक नगरों में मध्य निषेध लागू किया गया है परंतु इसमें अभी और कड़े नियम की आवश्यकता है की नगर पालिका क्षेत्र में शराबबंदी रहेगी लेकिन रखना और पीने पर पाबंदी नहीं है इससे वास्तविकता में हम नशे से लोगों को दूर नहीं कर सकते हैं मंदसौर नीमच रतलाम चित्तौड़गढ़ आदि वे जिले जिनमेंमादक पदार्थ अफीम की पैदावार होती है अफीम से निर्मित तमाम तरह के नशे जैसे अफीम स्मैक ब्राउन शुगर एमडी ड्रग्स और भी तमाम ड्रग्स जो आजकल नशे के रूप में उपयोग किया जा रहे हैं उस युवा पीढ़ी बबार्दी की कगार पर पहुंच गई है पुलिस पेंशनर संघ मध्य प्रदेश ने आज विभिन्न स्लोगनों के



माध्यम से जैसे के देश के युवाओं से यह आवाहन नशा छोड़ो बानो देश की शान नशा शाम को करोगे सुबह उतर जाएगा नशा राम के नाम को करो जीवन सुधर जाएगा। नशा नाश की जड़ है इससे जीवन होता पतझड़ है।

**नशा एक अभिशाप है होते इससे अनेकों पाप है, जन-जन की यही पुकार सभी नशे का करो बहिष्कार–** नशे को गले लगाओगे तो मौत को गले लगाओगे आदि स्लोगनों के पंपलेट वितरित किए गए पुलिस पेंशनर संघ मध्य प्रदेश की ओर से संपूर्ण मध्य प्रदेश के करीब 30 जिलों में नशा मुक्ति जागरूकता शिविर आयोजित किए गए हैं और हमारे पुलिस पेंशनर्स ने जिलों में लोगों को नशे के दुष्परिणाम से अवगत कराने का प्रयास किया गया है इसी तारतम में आज मंदसौर नगर में व्यस्ततम चौराहा गांधी चौराहा पर नशा मुक्ति जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें जिला धार्मिक उत्सव समिति दशपुर जागृति संगठन और अन्य नगर के सामाजिक संगठनों ने हिस्सा लिया पुलिस पेंशनर संघ मध्य प्रदेश के संस्थापक एवं प्रांतीय अध्यक्ष एमपी सिंह परिहार ने बताया की पुलिस पेंशनर संघ मध्य प्रदेश के द्वारा आगे भी संपूर्ण मध्य प्रदेश के जिलों में पुलिस पेंशनर्स के द्वारा नशे के दुष्परिणामके बारे में शिविर रैली अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे संगठन के द्वारा लोगों से अपील की गई कि इन घातक नशे की लतो से और अधिक से अधिक लोगों को नशा छुड़ाने के लिए प्रेरित करें इस कार्यक्रम पुलिस पेंशनर्स संघ जिला इकाई मंदसौर के कार्यवाहक अध्यक्ष श्री बृजेश कुमार दुबे प्रांतीयसंयुक्त सचिव श्री श्रवण कुमार मिश्रा वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री शिव शंकर सिंह तोमर प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य रायसिंह यादव सदस्य सत्येंद्र सिंह लाड रहीम बैग भारत सिंह सिसोदिया लाइ खान दासपुर जागतिक संगठन के संयोजक सत्येंद्र सिंह सोम कार्यवाहक अध्यक्ष हरिशंकर शर्मा उपाध्यक्ष बीएस सिसोदिया सी के बिश्नोई दीपेंद्र सिंह सिसोदिया संरक्षक राजाराम तंवर जिला धार्मिक उत्सव समिति के जिला अध्यक्ष सुभाष गुप्ता आदि तमाम सदस्य उपस्थित रहे अंत में सभी उपस्थित सज्ञनों के द्वारा नशा छुड़ाने के लिए शपथ ली गई वह सभी के द्वारा आइंदा इस प्रकार के आयोजित कार्यक्रमों में भरपूर सहयोग देने का शासन दिया गया।

# संत शिरोमणि रविदास जयंती हर्षोल्लास से मनाई

**मंदसौर, 12 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मानवता के उद्घोषक संत परम्परा के महान योगी परम ज्ञानी सामाजिक परिवर्तन के महानायक समाज में व्याप्त कुरूतियों को दूर करने वाले संत शिरोमणी रविदासजी की 648वीं जयंती मेघवाल समाज, अहीरवार समाज, जाटव समाज आदि सामाजिक संगठनों ने सामूहिक रूप से मनाई गई।



संत शिरोमणी रविदास जी का चल समारोह रविदास दरवाजा, नरसिंगपुरा मंदसौर से रथ में रविदासजी का छायाचित्र के साथ सुसज्जीत होकर नगर के प्रमुख मार्ग, घण्टाघर, नयापुरा रोड, कालाखेत, भारतमाता चौराहा, बस स्टेण्ड होकर गांधी चौराहा पहुंचा। जुलूस के आगे बैण्डबाजे एवं ढोल नगाड़े के साथ महिलाएं कलश धारण कर नाचते गाते चल समारोह की शोभा बड़ा रही थी। विशाल चल समारोह का मेघवाल समाज संघ मध्यप्रदेश के तत्वावधान में एवं मेघवाल साख सहकारी संस्था मर्यादित मंदसौर के पदाधिकारियों द्वारा संत शिरोमणि रविदास के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। तथा चल समारोह पर पुष्प वर्षा की गई एवं समारोह में चल रहे महिलाओं एवं पुरूषों एवं बच्चों को फल एवं पानी के पाउच वितरित किये गये। संगठन के पदाधिकारियों को बेच लगाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर मेघवाल समाज संघ म.प्र. के प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर राठौर, उपाध्यक्ष शंकरलाल बामरिया, प्रदेश सचिव एवं जिलाध्यक्ष के.सी. सौलंकी, पूर्व तहसीलदार ब्रजलाल बामनिया, शंकरलाल राठौर, रतनलाल बसेर, डॉ. देराम कस्तुरिया, रघुनंदन श्रीमाल, आशीष चौरड़िया, राधेश्याम कमलवा, श्रीमती देवकन्या बसेर, बालाराम दरिंग आदि रविदास जयंती के अवसर पर संत शिरोमणी के विचारों, समतामूलक समाज की अवधारणा पर अमल करने एवं जातपात भेदभाव, ऊँच नीच मिटाकर आपसी भाईचारा बड़ाने के विचारों पर बल दिया। वक्ताओं ने कहा कि उनके आदर्शों कों जीवन में उतारना होगा, तभी वाणी कारगर होगी।

# 21 वां हनुमान चालीसा का पाठ श्री अन्नपूर्णा मंदिर पर संपन्न

**मनासा, 12 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** सनातन सत्संग मण्डल,मनासा के तत्वाधान में अन्तरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय के युवा,ओजस्वी संत श्री चेतनरामजी महाराज (उदयपुर) की प्रेरणा से 21वां श्री हनुमान चालीसा का पाठ नगर में स्थित श्रीअन्नपूर्णा मंदिर मनासा पर सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कमल विजयवर्गीय,सत्यनारायण सोनी,प्रकाश छ्त्तानी,गोपाल राठौर,निरंजन पाराशर आदि ने भजनो की प्रभावी प्रस्तुति दी। पाठ में श्रीअन्नपूर्णा मंदिर व्यवस्था समिति के श्री अशोक कासट,कुशल हिंगड़,महेश नंदवाना, कैलाश सोडानी आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे। पाठ में नगर की धर्मप्रेमी जनता भारी संख्या उपस्थित थी। अगला 22वां श्री हनुमान चालीसा पाठ 18 फरवरी 2025 मंगलवार को रात्रि 8-30 बजे श्री गोपाल कृष्ण मंदिर,अनुपपुरा,मनासा पर रखा गया है। सनातन सत्संग मंडल व्दारा सभी सनातनी बन्धुओ से सपरिवार भाग लेने का आग्रह किया है।

# सेवाभावी डा. शर्मा जाते-जाते भी कर गए दो जिंदगियां रोशन



**मंदसौर, 12 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** नगर के प्रसिद्ध व सेवाभावी चिकित्सक डॉ. जगदीश शर्मा ने अपना सम्पूर्ण जीवन मरीजो की सेवा में बिताया। जाते जाते भी वे दो जिंदगियां रोशन कर गये। लायंस क्लब कीप्रेरणा से उनके सुपुत्र डॉ गिरीश शर्मा ने करवाया स्व. श्री शर्मा के नेत्रदान करवाये। यह लायंस क्लब को इस सत्र का 14वां नेत्रदान प्राप्त हुआ। नेत्र उत्सर्जन नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ किशोर शर्मा द्वारा किया गया।

लायंस क्लब अध्यक्ष जितेन्द्र पोरवाल ने बताया कि बुधवार को डॉ. टोपनदास शर्मा के सुपुत्र एवं डॉ. गिरीश शर्मा व डॉक्टर किशोर शर्मा के पूज्य पिताजी डा जगदीश शर्मा के देवलोक गमन होने पर शर्मा परिवार द्वारा लॉयन्स क्लब मंदसौर के माध्यम से नेत्रदान किया गया। लायंस क्लब के प्रयासों से आमजन में नेत्रदान के प्रति बढ़ी जागरूकता है। लायन अध्यक्ष जितेन्द्र पोरवाल, प्रोजेक्ट चेयरमैन लायन सीए विकास भंडारी, लायन निर्विकार रातड़िया ने पुण्यात्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की व शर्मा परिवार का आभार व्यक्त किया।

## समर्थन मूल्य पर खरीदे गये गेहूँ पर मिलेगा 125 रूपये प्रति क्विंटल का बोनस

**मंदसौर, 12 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** राज्य सरकार किसानों की खुशहाली और समृद्धि के लिये निरंतर कार्य कर रही है। समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये प्रदेश के पंजीयन कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। पंजीयन की अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 तक है। किसान ऐप के माध्यम से घर बैठे पंजीयन कर सकेंगे। पंजीयन के लिये ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्रों पर नि:शुल्क पंजीयन की व्यवस्था की गई है। गेहूँ उपार्जन के लिये समर्थन मूल्य 2425 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है, जो गत वर्ष की तुलना में 150 रूपये प्रति क्विंटल अधिक है।

## घनश्याम सोनी बने हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के जिलाध्यक्ष

**मंदसौर, 12 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा



सेकुलर मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुशवाह मेन बॉडी द्वारा घनश्याम सोनी को मोर्चा के मंदसौर जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। श्री सोनी की यह नियुक्ति पार्टी के प्रमुख जीतनराम मांझी व राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष राम सिंह, प्रदेश अध्यक्ष लेबर सेल नईम शाह सहमति से की है तथा मंदसौर जिले में पार्टी का विस्तार करने दायित्व सौंपा गया है तथा श्री सोनी को गरीब असहाय, मजदूर के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने व उन्हें न्याय दिलाने का संकल्प पार्टी हाईकमान द्वारा दिलाया गया।

## लगभग 5 फिट लंबा एवं 55-60 किलो वजनी मगरमच्छ का सफल रेस्क्यू



**मनासा, 12 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** सुबह 9:00 बजे वनविभाग उपवन मंडलाधिकारी मनासा दशरथ अखंड को ग्राम फोफलिया में इंदर सिंह रावत के कुएं में मगरमच्छ की सूचना मिली। जिस पर तुरंत संज्ञान लेते हुए रेस्क्यू टीम मनासा-रामपुरा को मौके के लिए रवाना किया। रेस्क्यू टीम ने 11 बजे से 3 बजे तक ऑपरेशन चला कर लगभग 5 फिट लंबा एवम 55-60 किलो वजनी मगरमच्छ का सफल रेस्क्यू किया। मगरमच्छ पूर्णत: स्वस्थ था, जिसे गांधीसागर जलाशय में छोड़ा गया। रेस्क्यू कार्य मे कैलाश चंद्र राठौर, शैलेश शर्मा बीट प्रभारी कुकड़ेश्वर एवं शासकीय वाहन उडनदस्ता चालक प्रेम सिंह गौड़ का विशेष योगदान रहा।

# अति प्राचीन चारभुजा नाथ मंदिर पर चढ़ाया ध्वजा दंड एवं कलश



**मंदसौर, 12 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** श्री जांगिड़ ब्राह्मण सुतार पंचायत चंद्रपुरा ट्रस्ट के तत्वाधान में आयोजित धार्मिक उत्सव के दौरान श्री चारभुजा नाथ मंदिर पर प्रथम बार कलश एवं ध्वजा दंड का विधि विधान कर शिखर पर ध्वजा दंड एवं कलश स्थापित किया गया। कलश स्थापना करने का लाभ श्रीमती कलादेवी पति लक्ष्मी नारायण शर्मा (धमनार वालों) ने लिया, उन्होंने पंडित विष्णु शर्मा के मार्गदर्शन में पूजा अर्चना के साथ विधि विधान से कलश स्थापित किया। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज जन एवं चंद्रपुरा निवासी उपस्थित थे।

शिखर पर ध्वजा दंड एवं कलश स्थापित करने के बाद उपस्थित समाज जनों एवं अतिथियों की उपस्थिति में भगवान श्री चारभुजा नाथ की पूजा एवं आरती का आयोजन किया गया। तीन दीवसीय धार्मिक आयोजन को सफलतापूर्वक आयोजित करने वाले जागीड ब्राह्मण सुतार पंचायत ट्रस्ट के अध्यक्ष अशोक झलोया का समाज जन व अतिथियों ने शाल श्रीफल से सम्मानित किया। तीन दिवसीय धर्म विधान का सफलतापूर्वक संचालन करने वाले यज्ञ आचार्य विष्णु शर्मा का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। इस अवसर पर मंदसौर के पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया महाविद्यालय जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष नरेश चंदवानी भाजपा मंडल के अध्यक्ष अरविंद सारस्वत अंगिरा ऋषि शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष अर्जुन झलोया महिला मंडल के अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी तिवारी नवयुवक मंडल के अध्यक्ष अंशुल तिवारी आदि उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन महिला मंडल की उपाध्यक्ष श्रीमती शीतल झलोया श्रीमती मोनिका झलोया श्रीमती वीणा तिवारी ने किया। आभार महिला मंडल की कोषाध्यक्ष ज्योति तिवारी ने माना।

# भागवत कथा में हुआ भगवान श्री कृष्ण व माता रुकमणी विवाह संपन्न

## महाकुम्भ प्रयागराज के उपलक्ष में भागवतभूषणाचार्य पं. श्री कृष्ण वल्लभ शास्त्री के मुखारविंद से अंतिम दिन पूर्णआहुति व महाप्रसादी के साथ होगा कथा का समापन

**मंदसौर, 12 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** महाकुम्भ प्रयागराज 2025 महापर्व के उपलक्ष में मंदसौर के पद्मावती रिसोर्ट के सामने स्थित विश्व मंगल बालाजी इंदिरा कॉलोनी मे ज्ञान गंगा रूपी श्रीमद् भागवत कथा भागवत विचार संस्थान के द्वारा आयोजित की जा रही है। जिसके तहत षष्ठ्म दिवस की कथा मे पंडित श्री कृष्ण वल्लभ शास्त्री ने कथानुसार बताया कि 7 दिन तक इंद्र ने तपस्या की। इंद्र ने भगवान का पूजन किया। भगवान श्री कृष्ण कहते है कि गोपियों तुमको प्रसन्न करने के लिए ऐसा क्या कार्य करूँ। सभी गोपियाँ भगवान श्री कृष्ण के पास पहुंच गयी। गोपियाँ भगवान श्री कृष्ण के लिए सारा घर छोड़ के आ गयी। फिर भगवान श्री कृष्ण गोपियों से कह रहे क्यों आ गयी मेरे पास। गोपियाँ यह सुनकर आश्चर्यचकित हो गयी। एक तो श्री कृष्ण ने बुला लिया फिर वह कह रहे क्यों आ गयी। फिर भगवान श्री कृष्ण के लिए गोपियों ने गीत गाये। भगवान श्री कृष्ण ने आगे जाकर सुदर्शन का उद्धार किया। गोकुल के पास मथुरा बड़ा शहर है तब नंदबाबा ने कहा शहर मे जाओ तो वहाँ सिग्नल व बड़ी बड़ी बिल्डिंगे होती है इसलिए वहाँ देखकर व बाएँ चलना। फिर कन्हैया अपने भाई बलराम के साथ सभी गोपालको के साथ शहर भृमण के लिए निकल पडे। तब श्री कृष्ण गोपालको की टीम सर्वप्रथम दर्जी के यहां पहुँचती है तब दर्जी कन्हैया की यह टोली देखकर



उनके लिए कपड़े सिलता है। तब भगवान उस दर्जी को वरदान देते तेरे यहां कभी कपड़े की कमी नही होगी। फिर माली के हाथ से माला पहनते है। फिर कहते है इस माली के घर कभी फूल बांसी नही होंगे। कन्हैया की टोली व जुलुस बड़ा सुंदर देखकर मिठाई वाले ने कहा मैं इनका स्वागत करूंगा।कन्हैया के साथ उनके गोपालक ज़ब मिठाई के दुकान मे पहुंचते है। तो उन्हें घेवर दिखाई देता है जो गोपालको ने कभी नही देखा था। अंत मे भगवान कन्हैया व भाई बलराम पहाड चढ़कर द्वारकापूरी मे निकले। जहाँ माता रुक्मणी प्रतिदिन भगवान श्री कृष्ण का पूजन करती थी।माता रुक्मणी ने असल मे भगवान श्री कृष्ण की ज़ब लीलाये देखी। तब माता रुक्मणी ने सोच लिया कि उनके पतिदेव हो तो भगवान श्री कृष्ण जैसे ही हो। तब इस कथा मे भी भगवान श्री कृष्ण व माता रुक्मणी का विवाह हुआ। विवाह उपरांत वहां बैठी सैकड़ो महिलाओ द्वारा कन्यादान भी किया गया। एवं छप्पन भोग भी लगाया गया।अंत में इंद्रा कॉलोनी मे हो रही कथा के माध्यम से ही पंडित श्री कृष्ण वल्लभ शास्त्री द्वारा शेष एक दिवसीय इस कथा में अधिक से अधिक संख्या में पधारने का अनुरोध किया गया।अंतिम दिवस पूर्णआहुति व महाप्रसादी के साथ कथा का समापन होगा।

## जिला स्तंरीय रोजगार मेला 19 को गरोठ में होगा

**मंदसौर, 12 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला रोजगार अधिकारी द्वारा बताया गया कि, एकदिवसीय युवा संगम मेला, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन 19 फरवरी को प्रात: 11:00 बजे शासकीय एस. एन. उदिया महाविद्यालय परिसर गरोठ में किया जाएगा। बेरोजगार युवारोजगार मेले का लाभ उठाए। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र के विभिन्न नियोजको द्वाराआवेदकों का प्रारंभिक चयन किया जाएगा। इसके साथ ही जिला रोजगार कार्यालय मंदसौर द्वाराआवेदकों की काउंसिलिंग कर केरियर मार्ग दर्शन व परामर्श दिया जाएगा। रोजगार मेले केमाध्यम से युवाओं को रोजगार के साथ ही व्यवसाय प्रांरभ करने के लिए लोन की प्रक्रियाको लेकर अन्य जानकारियां दी जाएंगी।

# राज्य सरकार वंचित वर्ग के प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध-मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री डा. यादव ने संत शिरोमणि गुरू रविदास की जयंती पर दी बधाई और शुभकामनाएं

**नीमच, 12 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संत शिरोमणि गुरू रविदास की जयंती पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि राज्य सरकार वंचित वर्ग के प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है। सबको आगे बढ़ने का मौका मिले, सबकी आर्थिक स्थिति बेहतर हो, गरीबों की गरीबी दूर हो, युवाओं को रोजगार के अवसर, महिलाओं को सम्मान मिले, किसानों का मान बढ़े और सभी लोग बराबरी से रहें, राज्य सरकार इस उद्देश्य से हर वर्ग के लिए योजनाएं और कार्यक्रम संचालित कर रही है। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान में दी गई लोकतांत्रिक व्यवस्था के आधार पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, जीवन की कठिन परिस्थितियों से संघर्ष करते हुए प्रधानमंत्री बनें। उनसे यह प्रेरणा मिलती है कि गरीब से गरीब परिवार के बच्चे भी प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री बन सकते हैं। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर ने समाज को शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार और समानता का अधिकार दिया। जन-जन को इन सब अधिकारों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार निरंतर सक्रिय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती पर हिंदी भवन में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलन और कन्या-पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और संत रविदास के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। नवयुवक अहिरवार समाज सुधार संघ भोपाल एवं चर्मकार विकास संघ भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्मारिका और रविदास चालीसा का विमोचन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आयोजन कर्ताओं ने गजमाला पहनाकर स्वागत कर स्मृति-चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम में भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय, भोपाल दक्षिण-पश्चिम के विधायक श्री भगवानदास सबनानी, नगर निगम अध्यक्ष श्री किशन सूर्यवंशी, श्री रवींद्र यती और समाज बंधु उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी 'सबका साथ-सबका विकास' की अवधारणा के साथ समाज के हर वर्ग के जीवन को बेहतर बनाने के लिए कृत संकल्पित हैं। राज्य सरकार उनके मार्गदर्शन में इस दिशा में प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। प्रदेश ही नहीं देश में सभी को यह अनुभूति है कि मध्यप्रदेश प्रगति पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है, इसमें प्रदेश के सामान्यजन की मेहनत का महत्वपूर्ण योगदान है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सागर में संत शिरोमणि रविदास जी का भव्य स्मारक आकार ले रहा है। उन्होंने उज्जैन स्थित संत रविदास जी के गुरुद्वारे का उल्लेख करते हुए कहा कि यह स्थल संत रविदास के उज्जैन आगमन की स्मृति को अब भी जीवंत करता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आयोजकों की मांग पर कहा कि सामाजिक गतिविधियों के संचालन के लिए भोपाल में व्यवस्था की जाएगी। साथ ही सभी पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री श्री मोदी की मंशा के अनुसार पक्के मकान उपलब्ध कराए जाएंगे। राज्य सरकार जल्द ही प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में गरीब परिवारों के लिए 10 लाख आवासों का निर्माण आरंभ करने जा रही है। गाँवों में भी पुन: सर्वे कराकर गरीबके अपने पक्के घर का सपना साकार किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' का संदेश देने वाले संत रविदास का जीवन इस बात का प्रतीक था कि व्यक्ति के भीतर ही भगवान विद्यमान हैं और भक्ति-साधना से व्यक्ति का उद्धार हो सकता है। उनका मानना था कि भगवान के दरबार में कोई उंच्च-नीच नहीं है। संत रविदास ने देश-धर्म पर स्वाभिमान और प्रभु भक्ति के साथ कर्म को सर्वाधिक महत्व दिया। उन्होंने परिश्रम के आधार पर जीवन संचालित करने और समाज की बेहतरी के लिए योगदान देने का संदेश दिया। संत रविदास ने बताया कि व्यक्ति के सत्कर्म, सद्भावना, परस्पर विश्वास और प्रेम का भाव ही जीवन में सर्वोपरि है। उनके इन उदात्त विचारों के परिणामस्वरूप ही उन्हें समाज में संत शिरोमणि की उपाधि से विभूषित किया गया। विधायक श्री भगवानदास सबनानी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।



## रासेयो डा. आर्य व स्वयंसेवक देवांश मालवीय ने राष्ट्रीय एकता शिविर जयपुर में किया मप्र का प्रतिनिधित्व

**मंदसौर, 12 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर के एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार आर्य का चयन राष्ट्रीय एकता शिविर, जयपुर में दल प्रबंधक के रूप में हुआ था। यह शिविर 3 से 9 फरवरी 2025 तक एमटी यूनिवर्सिटी, जयपुर में आयोजित हुआ, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से स्वयंसेवक इस शिविर में शामिल हुए।

इस शिविर में मध्यप्रदेश से 10 स्वयंसेवकों को चयन किया गया था, जिनमें महाविद्यालय के छात्र देवांश मालवीय (बी.ए. द्वितीय वर्ष) का भी चयन हुआ। मध्यप्रदेश दल के स्वयंसेवकों ने बहुत ही अनुशासन के साथ उपरोक्त शिविर में भाग लिया और मध्य प्रदेश का नाम रोशन किया। उपरोक्त शिविर में विद्यार्थियों ने शिविर में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों, बौद्धिक व्याख्यान, अनेक प्रकार की गतिविधियों जैसे खेलकूद, क्विज, ट्रैकिंग, कार्यशालाएं, प्रदर्शनी, योगाभ्यास, प्रभात फेरी, वृक्षारोपण और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मध्यप्रदेश की संस्कृति को प्रदर्शित करने के लिए समूह गीत, एकल गीत, समूह नृत्य, एकल नृत्य, हास्य नाटिका, महाकाल सवारी आदि में सोत्साह भाग लेकर मध्य प्रदेश के मान-सम्मान को बढ़ाया। साथ ही इस शिविर में विभिन्न राज्यों की संस्कृति, भाषा, परंपराएं और जीवन शैली को समझने का अवसर उन्हें प्राप्त हुआ। राष्ट्रीय स्तर के इस शिविर में युवा स्वयंसेवकों को राष्ट्र की एकता, विविधता और समरसता को करीब से जानने का अवसर मिला। महाविद्यालय महाविद्यालय में रासेयो इकाई द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में स्वयंसेवकों ने डॉक्टर आर्य एवं स्वयंसेवक देवांश मालवीय को शाल, श्रीफल एवं पुष्पमाला से सम्मानित किया। डॉ. अनिल कुमार आर्य एवं देवांश मालवीय के राष्ट्रीय एकता शिविर जयपुर में सहभागिता कर महाविद्यालय लौटने पर स्थानीय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री नरेश चंदवानी, प्राचार्य डॉ. जे.एस. दुबे, जिला संगठक, रासेयो डॉ. के.आर. सूर्यवंशी समेत महाविद्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं एन.एस.एस. इकाई के स्वयंसेवकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।



## हम्माल बापू के निधन पर हम्माल परिवार ने किया उसका अंतिम संस्कार

**मंदसौर, 12 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कृषि उपज मण्डी मंदसौर में हम्माली करने वाले बापू की एक सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। पुलिस द्वारा उसके परिवारजनों से सम्पर्क करने पर उन्होंने शव लेने से इंकार कर दिया। जिसकी जानकारी कृषि उपज मण्डी के हम्माल यूनियन को मिलने पर हम्माल यूनियन द्वारा पुलिस की मौजूदगी में नियमानुसार उसको जमीन में दफनाया गया।

हम्माल यूनियन के पूर्व प्रतिनिधि दिलीप ग्वाला (पहलवान) सामाजिक कार्यकर्ता सरदार कुणाल श्रीवास्तव ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि हम्माल भारतसिंह उर्फ बगदीराम प्रजापत (बापू) का दुर्घटना में निधन हो गया। जिसकी जानकारी मिलने पर पुलिस की अनुमति लेकर उसको मुक्तिधाम परिसर में शासन के नियमानुसार दफनाया गया। इस अवसर पर थाना दलौदा के पुलिस हेड कांस्टेबल अजीतसिंह, विधायक प्रतिनिधि हम्माल संघ मोहनलाल ग्वाला, विधायक प्रतिनिधि तुलावटी संघ पंकज रैकवार धनगर, श्याम पांडे, मिश्रालाल ग्वाला, कृष्ण ग्वाला, रवि चौहान, अशोक ग्वाला, अर्जुन वर्मा, नटवर वर्मा, कपिल जैन, अर्जुन वर्मा, राजू भाई वर्मा, श्यामलाल धनगर, मनोज वर्मा, ईश्वर मीणा, मुकेश (राजू) ग्वाला, अनील ग्वाला, अर्जुन वर्मा, कमल, महेश ग्वाला आदि उपस्थित थे। सभी ने बापू को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## पत्रकारों तथा पत्रकार संगठनों के सदस्यों का पुलिस वेरीफिकेशन अनिवार्य हो-जोशी

**रतलाम, 12 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** आज के दौर में राजनीति के साथ ही पत्रकारिता के क्षेत्र में अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों की घुसपैठ समाज के लिए नासूर और घातक बनती जा रही है।लोग अपनी आदतों और कारनामों को छिपाने, दबाने के लिए पत्रकार और राजनीतिक कार्यकर्ता नेता बन जाते है किसी पत्रकार संगठन अथवा राजनैतिक दल से जुड़ जाते है ताकि वह समाज ,नेता और अधिकारियों, कर्मचारियों पर रोब.गालिब कर सके उनसे वह सब.काम करा सके जो नियमानुसार नही हो पाते।

इस बात से प्रधानमंत्री, राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री और प्रेस कौन्सिल को पत्र लिखकर रतलाम प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष शरदजोशी ने अवगत करवाया है। शरदजोशी ने पत्र में अवगत कराया कि कतिपय नेता, पत्रकार और उनके संगठन दबाव पूर्वक एसे कार्य करते है जिसकी जानकारी उनके ही साथी कानाफूसी करके जनता. जनार्दन तक पंहुचाते है। जिस प्रकार जनसंपर्क विभाग अधिमान्यता के लिए पत्रकारों से पुलिस वेरीफिकेशन करवाती हे।इसी प्रकार सरकार पत्रकार संगठनों के लिए भी अनिवार्य कर दे कि वे उन्हें ही सदस्य बनाए जो.पत्रकार सदस्यता आवेदन फार्म के साथ पुलिस वेरीफिकेशन दें या स्वयं प्रमाणित करे की उसके खिलाफ कोई आपराधिक प्रकरण नही है और नही कभी ऐसा अपराधिक मामला रहा है जिसमें उसे सजा हूई हो।धनबल ,बाहुबल पर पत्रकार बनना, बना ना पत्रकार संगठन बनाना गैर कानूनी होना चाहिए जिसकी छानबीन कर व्यापक जांचकर.संगठन पंजीकृत होना चाहिए साथ ही जनसंपर्क कार्यालयों मे भी सूची अपडेट की जाय। ताकि असल कलमकारों के साथ न्याय हो और समाज भी भयमुक्त हो।इसके साथ ही जिला स्तर भी प्रशासन एसा प्रेस प्रकोष्ठ बनाए जो एसी शिकायतों की निष्पक्ष जाचं करें जो खबर छापने के नामपर लोगों को ब्लैकमेल अथवा भयादोहन. करते है।पत्रकार संगठन चाहे तो स्वयं आचार संहिता बनाकर एक आदर्श प्रस्तुत कर सेवा के इस कार्य में अपना योगदान देकर पथप्रदर्शक बन सकते है। मेरे इस विचार में जनभावना निहित है,पत्रकार साथी अन्यथा नही लेगें।यह किसी पर कटाक्ष नही है।



## फाइनल मैच सेफियाह इंग्लिश हाई स्कूल ग्राउंड में सम्पन्न

**सुवासरा, 12 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** सुवासरा में दाउद्दी बोहरा समाज में बुरहानी गार्ड द्वारा अपने सफलतम दूसरे वर्ष में नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया। जिसका नाम दाउद्दी बोहरा समाज के धर्म गुरु आली क़दर मुफद्दल सैफुद्दीन के नाम के उपर इस टूर्नामेंट का नाम आली क़दर नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट रखा गया। रविवार को चार टीमों के बीच मैच हुए। मुफद्दल स्ट्राइकर और बुरहानी फाइटर, फखरी लायन और सैफी किंग इन चारो में मैच हुआ। जिसमें दो टीम जीत कर फाइनल में पोह्ची। फाइनल टीम सैफी किंग और बुरहानी फाइटर का मुकाबला सोमवार को हुआ। मैच के शुरू में दोनों टीम ने सदभावना मुलाक़ात की और सभी ने मिलकर जन गण मण राष्ट्रगान किया। राष्ट्रगान के बाद दोनों टीमों के बीच टॉस हुआ। टॉस जीत कर बुरहानी फाइटर ने बैटिंग चुनी और दस ओवर के इस मैच में 102 रनो की चुनौती सैफी किंग को दी। जिसे सैफी किंग ने दो ओवर 1 बाल शेष रहते हुए 103 रन बना कर फाइनल में जीत दर्ज की। इस मैच में मेन ऑफ़ दी मैच हुसैन मुंशी मेन ऑफ़ सीरीज मोहम्मद बारूद वाला और बेस्ट बालर ऑफ़ टूर्नामेंट हुसैन हैदरी को मिला। इस टूर्नामेंट के प्रयोजक नेशनल हार्डवेयर, बुरहानी ट्रेडर्स, राज मोटर्स और इब्राहिम मूसा भाई सुवासरा थे। इसका सफलतम आयोजन बुरहानी गार्ड सुवासरा द्वारा किया गया। बुरहानी गार्ड द्वारा सभी प्रयोजको और अन्जुमने सैफी जमात, सैफीया स्कूल कमेटी जनाब आमिल साहेब और वंहा पधारे सभी गणमान्य दर्शकों का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। उक्त आशय की जानकारी बुरहानी गार्ड के कप्तान मुफ़द्दल बुरहानी और वाईस कप्तान क़ासिम हैदरी ने दैनिक जनसारंगी न्यूज़ के संवाददाता ताहा मोहम्मद को एक प्रेस नोट के माध्यम से दी।

## प्रदेश के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता-मुख्यमंत्री

**नीमच, 12 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का समय निकट है। विभिन्न देशों के वाणिज्यिक दूतावासों के माध्यम से प्रदेश में व्यापार और उद्योग की गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आवश्यक समन्वयकिया जा रहा है। इस क्रम में विश्व स्तरीय आयोजन की सफलता के लिए विभिन्न देशों के राजदूतों के साथ नई दिल्ली में विचार-विमर्श के लिए बैठक रखी गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के युवा, महिला, किसान और गरीबों का जीवन बेहतर हो, इस उद्देश्य से कृषि के साथ उद्योगों को भी प्रदेश में आवश्यक अधोसंरचना और सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस क्रम में मंगलवार को हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में विभिन्न नीतियों को अनुमोदन दिया गया है।


### ✻ उठावना ✻

अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करने मे आता है की स्व. हीरालाल जी, स्व. शिवलाल जी स्व.गोपाल जी, स्व. सूरजमल जी के छोटे भ्राता एवं रघुवीर जी दायमा (एडवोकेट) के बड़े भ्राता, कैलाश, सज्जन, रणजीत, संदीप के काकाश्री ,वैभव, राघव के दादाजी, व दिलीप , बसंत के पूज्यपिताजी श्री केशवराम जी दायमा का स्वर्गवास दिनांक 11/02/2025 को हो गया है। जिनका उठावना दिनांक 13/02/2025, गुरुवार को निज निवास उषागंज कॉलोनी प्रात: 11:00 बजे रखा गया है।



✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻
दायमा परिवार , उषागंज कॉलोनी मनासा, जिला नीमच

### ✻ शवयात्रा ✻

अत्यंत दु:ख के साथ सूचित किया जाता है कि स्वर्गीय डॉक्टर टोपन दास जी शर्मा के बड़े सुपुत्र एवं स्वर्गीय पीतांबर जी शर्मा,व प्रभा शंकर जी शर्मा, डॉक्टर कुशल जी शर्मा,हरी विठ्ठल जी शर्मा,व स्वर्गीय श्री हेमंत जी शर्मा, स्वर्गीय श्री महेश जी शर्मा, के बड़े भाई साहब एवं डॉक्टर हरीश जी शर्मा, डॉक्टर गिरीश जी शर्मा (नरसिंहपुरा वाले)के पूज्यनीय पिता साहब डॉक्टर जगदीश जी शर्मा (खानपुरा वाले) का दु:खद निधन आज दिनांक 12 फरवरी 2025 बुधवार को हो गया है,जिनकी शव यात्रा कल दिनांक 13 फरवरी 2025 गुरुवार को प्रात: 9:00 बजे उनके निज निवास तेलिया तालाब रोड LIG 15/03 पानी की टंकी के पास नगर पालिका सीएमओ के बंगले के पास रामटेकरी से निकलेगी।



✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻
शर्मा परिवार

### ✻ उठावना ✻

स्व श्री कचरमल जी शर्मा की पुत्र वधू, श्री दिनेश शर्मा की धर्मपत्नी, विवेक (विक्कू ) पत्रकार एवं विनीता (निक्की) की माताजी, योमित्र, तनिष्का, प्रतीक, कुणाल की दादी जी, दीपल की नानी जी एवं वीरेंद्र, दिलीप, गौरव की काकी जी, श्रीमति बीना शर्मा का देहावसान दिनांक 11फ़रवरी 2025 मंगलवार को हो गया है। उठावना 13 फरवरी गुरुवार को दोपहर 01 बजे निज निवास घंटाघर के पीछे, पुरानी सब्जी मंडी मंदसौर में होगा।



✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻
शर्मा ( भावरेल) परिवार


## प्रमाणित बीजों से बढ़ाई जा रही है फसलों की उत्पादकता-कृषि मंत्री

**मंदसौर, 12 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री एदल सिंह कंषाना ने कहा है कि बीज प्रमाणीकरण संस्था का गठन भारत सरकार द्वारा अधिसूचित बीज अधिनियम 1966 की धारा 8 के अन्तर्गत किया गया है। संस्था का मुख्य कार्य निर्धारित मानक के अनुरूप गुणवत्ता के बीजों का प्रमाणीकरण करना है। प्रमाणित बीजों से प्रदेश में फसलों की उत्पादकता बढ़ाई जा रही है। बीज प्रमाणीकरण संस्था द्वारा विगत् एक वर्ष की अवधि में बीज प्रमाणीकरण का महत्वपूर्ण कार्य किया गया। खरीफ-2024 में 1.24 लाख हेक्टेयर क्षेत्र बीज प्रमाणीकरण के लिए पंजीकृत हुआ और 15 लाख क्विंटल बीज प्रमाणित किया गया। रबी सीजन में 1.07 लाख हेक्टेयर क्षेत्र बीज प्रमाणीकरण के लिए पंजीकृत हुआ और 21.86 लाख क्विंटल बीज प्रमाणित किया गया। ग्रीष्म-2024 में 9021 हेक्टेयर क्षेत्र बीज प्रमाणीकरण के लिए पंजीकृत हुआ और 85 हजार क्विंटल बीज प्रमाणित किया गया।

बीज प्रमाणीकरण संस्था के टैग्स पर 2डी क्यूआर कोड का उपयोग किया जा रहा है। किसी भी एन्ड्रॉयड फोन से इसे स्कैन किया जा सकता है। स्कैन करने पर प्रमाणित बीज लॉट के लिए जारी प्रमाण-पत्र खुल जायेगा, जिसमें बीज लॉट की समस्त जानकारी उपलब्ध है। फसल, किस्म, लॉट क्रमांक, टैगों की सीरीज, कुल कितने टैग जारी किये गये, पैकिंग साइज, पैकिंग मात्रा, बीज परीक्षण परिणाम, अंकुरण, भौतिक शुद्धता, अन्य फसलों, अन्य पहचान योग्य बीज, खरपतवार, नमी, किस कृषक एवं संस्था द्वारा बीज का उत्पादन किया गया और किस सहायक बीज प्रमाणीकरण अधिकारी द्वारा पैकिंग एवं टैगिंग की गई, समस्त जानकारी स्कैन केमाध्यम से देखी जा सकती है। केन्द्र सरकार द्वारा तैयार किये गये साथी पोर्टल पर बीजोत्पादन कार्यक्रम और बीज का ट्रेसेबिलिटी ऑथेन्टिकेशन की जानकारी ली जा सकती है। साथी पोर्टल की वेबसाईट https://seedtrace. gov.in/ है।

## आज नगरपालिका परिषद की बैठक

**मंदसौर, 12 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि नगरपालिका परिषद की बैठक आज दिनांक 13 फरवरी गुरुवार को दोपहर 1रू00 बजे नगरपालिका सभागृह में नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर की अध्यक्षता में आयोजित होने जा रही है इस बैठक में कुल 19 प्रकरण परिषद के विचारार्थ रखे गए हैं पार्षदगणों की बैठक की कार्यसूची (एजेंडा) भेजा गया है तथा सभी से बैठक में शामिल होने का आग्रह किया गया है।

## पेंशनर महासंघ की नवीन दायित्ववान पुस्तिका का विमोचन

**मंदसौर, 12 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** सेवानिवृत्त एवं पेंशनर नागरिक महासंघ जिला मन्दसौर द्वारा प्रति तीन वर्ष उपरांत नवीन कार्यकारिणी के गठन केपश्चात आपने दायित्व वान कार्यकर्ताओं की जानकारी की एक पुस्तिका का प्रकाशन किया जाता है। इस वर्ष त्रैवार्षिक निर्वाचन होने बाद, नवीन दायित्ववान पुस्तिका छपवाई जाकर प्रकाशित किया गया, जिसका उपप्रवर्तक श्री अरूणमुनिजी म.सा. व सेवाभावी श्री सुरेशमुनि जी म.सा. के कर कमलों द्वारा स्थानीय लाभमुनि नैत्रालय परिसर मन्दसौर में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त एवं पेंशनर नागरिक महासंघ के अध्यक्ष अशोक रामावत ने की। लाभमुनि ट्रस्ट मन्दसौर के वरिष्ठ प्रशासक श्री सुरेश परवाल, सेवानिवृत्त एवं पेंशनर नागरिक महासंघ परामर्शदाता श्रवण कुमार त्रिपाठी मुख्य अतिथि थे। लाभमुनि नैत्रालय के नैत्र चिकित्सक डॉ. अशोक सोलंकी, प्रशासक अश्विनी बैरागी विशेष अतिथि थे।

जिलाध्यक्ष अशोक रामावत ने सेवानिवृत्त एवं पेंशनर नागरिक महासंघ जिला संगठन की जानकारी दी तथा बताया किमन्दसौर ज़िले में संगठन की 10 नगरीय क्षैत्र में 16 नगर मोहल्ला इकाईयां तथा 25 क्षैत्रिय इकाईयां में 486 गांव में सक्रियता से कार्य कर रही है। परामर्शदाता श्रवण कुमार त्रिपाठी ने कहा कि संगठन अपनी समस्याओं व मांगों के लिए संघर्ष के साथ साथ सामाजिक सरोकार के प्रकल्प भी संचालित करता है। डे केयर सेंटर सचिव राजेंद्र पोरवाल ने डे केयर सेंटर पर संचालित होने वाली गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यकारिणी सदस्य अजीजुल्लाह खान खालिद ने हमारा संगठन सेवानिवृत्त एवं वरिष्ठ नागरिकों का सबसे मजबूत व सशक्त संगठन हैं जिनमें केन्द्र, राज्य व अन्य सभी विभागों से सेवानिवृत्त हुए सेवानिवृत्त एवं वरिष्ठनागरिक सम्मानित सदस्य हैं। महाराज श्री ने संगठन के सभी उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को आशीर्वाद प्रदान किया। संगठन द्वारा किए जा रहे सेवानिवृत्तों व वरिष्ठजनों के परोपकारी कार्यों की प्रशंसा की। सभी के सुखी व स्वास्थ्य रहने की कामना की तथा परोपकार के लिए कार्य करते रहने का संदेश दिया। वरिष्ठ प्रशासक सुरेश परवाल व प्रशासक अश्विन बैरागी ने लाभमुनि नेत्रालय में असहाय, गरीबों के नि:शुल्क ऑपरेशन व अन्य दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। डॉ. अशोक सोलंकी ने कहा कि लाभमुनि चिकित्सालय द्वारा विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में जांच शिविर लगाकर पात्र व्यक्तियों के नि:शुल्क आपरेशन किए जाते तथा उनके आने जाने व भोजन की व्यवस्था भी ट्रस्ट द्वारा की जाती है।

## महाशिवरात्रि पर्व के मद्देनजर जिले के शिवालयों में की जाये आवश्यक व्यवस्थाएं-पाण्डेय

**मंदसौर, 12 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** सामाजिक कार्यकर्ता रविन्द्र पाण्डेय ने कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग से आगामी महाशिवरात्रि पर्व के जिले के समस्त शिवालयों में पूर्व आवश्यक तैयारियां व व्यवस्थाएं करने का आग्रह किया है।



श्री पाण्डेय ने कहा कि महाशिवरात्रि पर्व पर शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ती है। ऐसे में जिले के समस्त शिवालयों पर महाशिवरात्रि के पूर्व मंदिरों के पहुंच मार्गो को ठीक करवाया जावे तथा मार्ग में विद्युत व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। मुख्य रूप से महत्वपूर्ण स्थान व दूर दराज के शिवालयों में भक्तों की सुरक्षा हेतु व्यापक प्रबंध हो।

श्री पाण्डेय ने बताया कि जिले के मुख्य शिव मंदिर भगवान पशुपतिनाथ मंदिर मंदसौर, मंदसौर के शहर स्थित श्री जागेश्वर महादेव, सहित नगर के 30 मुख्य शिवालय व श्री धर्मराजेश्वर अति प्राचीन गुफा मंदिर चंदवासा शामगढ़, श्री कोटेश्वर महादेव सीतामऊशिवगढ़, श्री बटकेश्वर महादेव चंबल के तट पर सीतामऊतहसील चंबल किनारे बसई, श्री मारूखेडी महादेव दलौदा तहसील, श्रीसिपावरा महादेव चंबल नदी शिवना नदी के संगम स्थल पर सीतामऊ तहसील, श्री धुंधली पार महादेव रेवास देवड़ा पहाडी पर, श्री बड़ा महादेव छोटा महादेव भानपुरा, पहाड़ियों पर श्री ताकेश्वर महादेव नावली भानपुरा, श्री चकाभो महादेव बुढा के पास जंगल में, श्री शिवगढ़ महादेव मल्हारगढ़ के पास, श्री गंगेश्वर महादेव सीतामऊके पास आदि ऐसे शिवालय जहां पर विशेष रूप से महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर मान्यता है कि महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव की पूजा विधि-विधान से करने पर भगवान भोलेनाथ प्रसन्न होते हैं और भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी करते हैं. शिवरात्रि के दिन प्रदोष काल में और रात के चार प्रहर में भगवान शिव की पूजा करना अत्यंत शुभ माना जाता है। इन मंदिरों में श्रद्धालु जन महाशिवरात्रि के दिन नवरात्रि में पूजा अर्चना करने भजन करने के लिए पहुंचते हैं वहां पर समुचित व्यवस्था करवाने की कृपा करें। साथ ही भक्तों के लिये पेयजल का व्यवस्था भी हो। श्री पाण्डेय सभी श्रद्धालुओं एवं धर्मालुजनों से भी आग्रह किया है कि महाशिवरात्रि पर्व पर अनुशासन बनाते हुए दर्शन करें। प्रशासन को पूर्ण सहयोग प्रदान करे तथा बुजुर्गों, बच्चों एवं माताओं-बहनों को पहले दर्शन करने देवे।



## नपाध्यक्ष ने सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया

**मंदसौर, 12 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने कल पार्षद सुनीता गुजरिया व स्वास्थ्य अधिकारी हेमचंद शर्मा के साथ वार्ड क्रमांक 2 व 21 की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा श्रीमती गुर्जर ने क्षेत्र की सफाई व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## सिख दंगा मामले में 41 साल बाद... पेज 1 से जारी

हत्या के लिए भीड़ का नेतृत्व करने और उसे उकसाने का आरोप लगा था। सज्जन कुमार के खिलाफ हत्या, दंगा और डकैती के आरोप में केस दर्ज किया गया था।

**यह है मामला-** 1984 के सिख विरोधी दंगों के दौरान दो लोगों की हुई मौत से यह मामला जुड़ा हुआ है। हमले के बाद जसवंत सिंह की पत्नी ने मामला दर्ज कराया था। केस पहले पंजाबी बाग पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया था। हालांकि बाद में एक विशेष जांच दल ने जांच अपने हाथ में ले ली। कोर्ट ने दिसंबर 2021 में सज्जन कुमार के खिलाफ प्रथम दृष्टया मामले पाए जाने के बाद आरोप तय किए। इससे पहले अदालत के आदेश में कहा गया था कि उसे प्रथम दृष्टया यह राय बनाने के लिए पर्याप्त सामग्री मिली है कि वह न केवल भागीदार था, बल्कि उसने भीड़ का नेतृत्व भी किया था।


NAME CHANGE

I ALFIYA GHADIYALI resident of House no A12/ A13 Burhani nagar Mandsaur m.p. 458001 are changing my name from ALAFIYA GHADIYALI to ALFIYA GHADIYALI.

Sincerely
ALFIYA GHADIYALI W/O ALI ASGAR GHADIYALI
House no A 12 / A 13 BURHANI NAGAR MANDSAUR
M.P. 458001

सेल्समेन की आवश्यकता

✻ अनुभवी पुरुष/महिला सेल्समेन की आवश्यकता है। ✻ अनुभवी मोबाईल रिपेरिंग वाले की आवश्यकता है।
✻ वेतन 5 अंको में ✻ योग्यता को प्राथमिकता
✻✻✻✻✻✻✻ संपर्क ✻✻✻✻✻✻✻
प्रदीप मोबाईल
दया मंदिर रोड़ मंदसौर
मोबाईल- 9893100778, 8319811988



स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in